दैनिक
# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    सम्पादकः अमृतपाल सिंह    DAILY BHARAT DESH HAMARA NEW DELHI

आरएनआई नं. 57282/1994 वर्ष 30  अंक 35  नई दिल्ली  बुधवार 5 फरवरी 2025  मूल्य एक रुपया  कुल पृष्ठ: 8  फोन 97111 01161  ईमेल : bharatdeshdelhi@gmail.com

### जयपुर समेत 6 जिलों में हल्की बारिश, छाए बादल

जयपुर, 4 फरवरी (निस) जयपुर सहित 6 जिलों में मंगलवार सुबह-सुबह हल्की बारिश हुई। बादल छाए रहे और ठंडी हवा चली। इससे पहले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ राजस्थान के कुछ जिलों में मौसम बदला और बूंदाबांदी हुई। इसमें जयपुर, अजमेर, सिरोही, उदयपुर आदि शामिल हैं।

### फिल्म इंडस्ट्री के प्रोड्यूसर की लाश घर में पंखे से लटकी मिली

पणजी 4 फरवरी (निस) साउथ फिल्म इंडस्ट्री के प्रोड्यूसर सुंकारा कृष्ण प्रसाद चौधरी की लाश गोवा में मिलने से हड़कंप मच गया। चौधरी के नाम से मशहूर प्रोड्यूसर की लाश उनके घर में पंखे से लटकी हुई मिली। पुलिस के मुताबिक चौधरी की लाश उनके घर में पंखे से लटक रही थी।

## राजनाथ ने राहुल गांधी को लताड़ा-राष्ट्रीय हित के मुद्दे पर राजनीति करने का कोई हक नहीं

### रक्षा मंत्री ने राहुल पर भारत-चीन सीमा को लेकर झूठे दावे करने का आरोप लगाया

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत-चीन सीमा पर स्थिति को लेकर सेना प्रमुख के बयान के बारे में ''झूठे दावे करने का आरोप लगाया। सिंह ने 'एक्स पर कहा, ''राहुल गांधी ने सेना प्रमुख का हवाला देते हुए जो शब्द कहे हैं, वह उन्होंने कभी नहीं कहे। यह बहुत अफसोस की बात है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं।



**सेना प्रधानमंत्री की राय से असहमत- राहुल गांधी**-सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा किया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इससे इनकार किया है। गांधी ने कहा था कि सेना प्रधानमंत्री की राय से असहमत है। गांधी के दावों पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध किया। गांधी ने कहा था, ''प्रधानमंत्री ने इस बात से इनकार किया है कि चीनी सेना हमारे क्षेत्र में घुसी है, लेकिन किसी कारणवश हमारी सेना चीनियों से हमारे क्षेत्र में उनके प्रवेश के बारे में बात करती रहती है और हमारे सेना प्रमुख ने कहा है कि चीनी हमारे क्षेत्र में घुसे हुए हैं।

झूठे हैं राहुल गांधी के दावे- राजनाथ सिंह -राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि ये ''झूठे दावे हैं। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी ने तीन फरवरी को संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति को लेकर सेना प्रमुख के बयान के बारे में झूठे आरोप लगाए। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि सेना प्रमुख की टिप्पणी केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में व्यवधान का संदर्भ देती है। सिंह ने कहा कि उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल में सेना को पीछे हटाने की प्रक्रिया के तहत इन गतिविधियों को उनके पारंपरिक स्वरूप में बहाल कर दिया गया है।रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने संसद में इन विवरणों को साझा किया है। उन्होंने कहा कि अगर चीन ने भारत के किसी क्षेत्र पर कब्जा किया है तो वह 1962 के युद्ध के परिणामस्वरूप अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किलोमीटर और 1963 में पाकिस्तान द्वारा चीन को अवैध रूप से दिया गया 5,180 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र है। उन वर्षों में कांग्रेस सत्ता में थी। सिंह ने कहा, ''राहुल गांधी को हमारे इतिहास के इस चरण पर आत्मविश्लेषण करना चाहिए।

निशिकांत दुबे का ओम बिरला को पत्र -इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में भाषण **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## महाकुंभ हादसे पर अब हेमामालिनी के विवादित बोल- कुछ बड़ा नहीं हुआ, विपक्ष ने मांगे सही आँकड़े

### सदन में अखिलेश ने की महाकुंभ हादसे पर मौन रखने की मांग, स्पीकर ने अस्वीकार की

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या के दिन भयानक भगदड़ मच गई। इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद भीड़ पर काबू नहीं पाया जा सका और हालात बेकाबू हो गए। इस घटना को लेकर जब मथुरा से बीजेपी सांसद हेमा मालिनी से सवाल किया गया तो उन्होंने चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा, यह कोई बहुत बड़ी घटना नहीं है, इसे बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। हेमा मालिनी ने आगे कहा, हम भी कुंभ गए थे, हमने अच्छे से स्नान किया। ये सही है कि घटना हुई, लेकिन ये इतना बड़ा मामला नहीं है। इसे सही तरीके से मैनेज कर लिया गया है।



**प्रधानमंत्री मोदी के कुंभ स्नान पर बयान**-हेमा मालिनी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुंभ स्नान के लिए जाएंगे, क्योंकि वहां सब कुछ ठीक है।

मौनी अमावस्या पर हुई थी 30 लोगों की मौत-प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन स्नान करने के लिए करोड़ों श्रद्धालु पहुंचे थे। रात करीब एक बजे यहां भगदड़ मच गई, जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इसके अलावा 90 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज अभी चल रहा है।

**सदन में अखिलेश ने की महाकुंभ हादसे पर मौन की मांग**

बजट सत्र का आज चौथा दिन है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान सपा सांसद अखिलेश यादव ने महाकुंभ हादसे पर 2 मिनट मौन की मांग की। स्पीकर ने इससे इनकार कर दिया। अखिलेश ने कहा कि अगर सत्ता पक्ष के मन में अपराध बोध नहीं है तो आंकड़े छिपाए क्यों जा रहे हैं। डिजिटल कुंभ कराने वाले मृतकों की मौत की डिजिट नहीं बता पा रहे हैं। खोया-पाया केंद्र ही नहीं मिल रहा है। वहां लोगों के चप्पलें-जूते और कपड़े बिखरे हुए थे। यूपी के सीएम ने भी दुख नहीं प्रकट किया, जब सब जगह से मौतों की बात सामने आई तो उन्होंने 17 घंटे बाद इसे बताया। पहले अखाड़ों का स्नान रद्द कर दिया और जब पूरे देश में ये बात उठी तो फिर स्नान शुरु करवाया। अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में डबल इंजन सरकार फेल हो गई है। इसलिए इसकी जिम्मेदारी सेना को सौंपी जानी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में लाशें पड़ी **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### महाकुंभ को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

लखनऊ, 4 फरवरी (निस)

प्रयागराज में महाकुंभ मेला पुलिस ने नेपाल की एक घटना को महाकुंभ का बताकर अफवाह फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। ब्रजेश कुमार प्रजापति नामक एक व्यक्ति ने अपने अकाउंट पर नेपाल में हुई घटना का वीडियो पोस्ट कर वीडियो को प्रयागराज महाकुंभ का बताकर अफवाह के रूप में फैलाया। पोस्ट में लिखा था, प्रयागराज महाकुंभ यानी मौत का महाकुंभ, और वीडियो में एक बड़ी भीड़ दिख रही थी जिसमें लोग मृतकों को कंधों पर ले जाते दिख रहे थे। वीडियो की जांच करने पर साफ हुआ कि घटना नेपाल में हुई थी, न कि महाकुंभ मेला में। इस वीडियो की सच्चाई का खुलासा महाकुंभ मेला पुलिस ने किया और झूठी जानकारी फैलाने के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने ब्रजेश कुमार प्रजापति सहित 7 एक्स अकाउंट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महाकुंभ मेला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक पोस्ट न करें और किसी भी घटना के बारे में पोस्ट करने से पहले उसके तथ्यों की जांच कर लें। पुलिस ने यह भी कहा है कि इस तरह की अफवाहों के जरिए प्रदेश की छवि को खराब किया जा रहा है और समाज में विद्वेष फैलाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने इन सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

### महाकुंभ में भूटान नरेश ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई

प्रयागराज 4 फरवरी (निस)

महाकुंभ में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने गंगा पूजन भी किया। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी और भूटान नरेश एक साथ प्रयागराज पहुंचे। हवाई अड्डे से दोनों सड़क मार्ग से संगम तट पहुंचे। इस दौरान भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी ने पक्षियों को दाना भी खिलाया। भूटान नरेश सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न प्रस्तुतियों से उनका स्वागत किया। वांग्चुक ने भी कलाकारों की हौसला अफजाई की। गौरतलब है कि वसंत पंचमी के मौके पर सोमवार को महाकुंभ में अंतिम अमृत स्नान के मौके पर करोड़ों आस्थावान लोगों ने डुबकी लगाई। अखाड़ों के साथ श्रद्धालुओं का स्नान चलता रहा।

## पीएम ने कहा-हमने लोगों को झूठे नारे नहीं सच्चा विकास दिया, हर चुनाव में जनता हम पर विश्वास जता रही

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का आज जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि देश की जनता ने मुझे 14वीं बार राष्ट्रपति जी का आभार व्यक्ति करने का अवसर दिया। इसलिए, मैं आदरपूर्वक लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति जी का संबोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला, नया विश्वास पैदा करने वाला और जन सामान्य को प्रेरित करने वाला है। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हमने गरीब को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया है। मोदी ने कहा कि गरीब का दुख, सामान्य मानवी की तकलीफ, मिडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं, इसके लिए जज्बा चाहिए। मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ लोगों में ये है ही नहीं। उन्होंने कहा कि अब तक गरीबों को 4 करोड़ घर दिए जा चुके हैं। जिन्होंने कठिन जीवन जीया है, वे ही समझते हैं कि घर पाने की कीमत क्या है। पहले शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण महिलाओं को बहुत परेशानी होती थी। जिनके पास ये सुविधाएं हैं वो उन लोगों की परेशानी नहीं समझ सकते। हमने 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय दिए हैं। उन्होंने कहा कि हम 2025 में हैं। एक तरह से 21वीं सदी का 25 फीसदी हिस्सा बीत चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद 20वीं सदी और 21वीं सदी के पहले 25 वर्षों में क्या हुआ यह तो समय ही तय करेगा। लेकिन अगर हम राष्ट्रपति के अभिभाषण का सूक्ष्मता से अध्ययन करें तो यह स्पष्ट है कि उन्होंने आने वाले 25 वर्षों और विकसित भारत को लेकर लोगों के बीच विश्वास कायम करने की बात कही। उनका संबोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करता है, नया आत्मविश्वास पैदा करता है और आम लोगों को प्रेरित करता है।



## सीईसी के चयन पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) सुप्रीम कोर्ट ने अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सीईसी राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि वह सीईसी और अन्य ईसीएस (नियुक्ति, अधिकारी की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की वैधता की जांच करेगा और फैसला सुनाएगा। दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्ति की नियुक्ति के लिए बने पैनल से सीजेआई को बाहर करने वाले नए कानून के प्रावधान को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं में से एक के वकील प्रशांत भूषण ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन के सिंह की बेंच से नए सीईसी के चयन की प्रक्रिया पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। उनका तर्क था कि 2023 का कानून सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करता है। इस फैसले में चयन समिति में पीएम और लोकसभा में विपक्ष के नेता के साथ सीजेआई को भी शामिल किया गया था ताकि समिति कार्यपालिका से स्वतंत्र रहे। भूषण ने कहा कि तीन सदस्यीय चयन समिति में सीजेआई की जगह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को रखने से प्रक्रिया की स्वतंत्रता भंग हुई है। चुनाव आयोग सीईसी और चुनाव आयुक्तों (ईसीएस) की स्वतंत्रता का अभाव, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए गंभीर खतरा है, जो लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि इसी तरह के तर्क वकील ने जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच के सामने भी रखे थे। पिछले साल एक तर्कसंगत अंतरिम आदेश द्वारा उस पीठ ने 2023 के कानून के संचालन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी को तय की है। फरवरी 2024 तक चुनाव आयोग सीईसी राजीव कुमार के साथ एक सदस्यीय आयोग बन गया था।



## आप-बीजेपी ने लगाए एक दूसरे पर मारपीट एवं पैसे बांटने के आरोप, आतिशी पर मामला दर्ज

नई दिल्ली, 4 फरवरी (निस) दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में सोमवार देर रात तक हंगामा हो गया। राजनीतिक पार्टियों ने एक-दूसरे पर मारपीट और पैसे बांटने के आरोप लगाए हैं। हंगामे के बीच आधी रात को दिल्ली सीएम आतिशी गोविंदपुरी थाने पहुंचीं। आतिशी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं पर दिल्ली के झुग्गी वालों को धमकाने का आरोप लगाया है। दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है।





जानकारी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने दो केस दर्ज किए हैं। दोनों ही मामले आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े हैं। इनमें से एक केस सीएम आतिशी के खिलाफ दर्ज किया गया है। आतिशी पर आरोप है कि वह 10 गाड़ियों में अपने 50-60 समर्थकों के साथ फतेह सिंह मार्ग पहुंची। पुलिस ने जब अचार संहिता का हवाला देते हुए वहां से जाने के लिए कहा तो उन्होंने मना कर दिया। चुनाव आयोग की शिकायत पर आतिशी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरा मामला आतिशी के समर्थकों के खिलाफ दर्ज हुआ है। यह मामला सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस पर हमले को लेकर दर्ज किया गया है। एक वीडियो में आतिशी के समर्थक को पुलिस वाले को थप्पड़ मारते देखा जा सकता है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पुलिस वाला वीडियो बना रहा था।

## जया बच्चन के बयान पर मचा घमासान, धार्मिक संगठनों ने जताई घोर आपत्ति, गिरफ्तारी की मांग

नई दिल्ली, 4 फरवरी (निस)

समाजवादी पार्टी सांसद जया बच्चन महाकुंभ के पानी को सबसे दूषित बताया था। उन्होंने दावा किया था कि भगदड़ में जान गंवाने वालों की लाशें पानी में फेंक दी गई। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद ने जया बच्चन की गिरफ्तार की मांग की है। इसके अलावा बीजेपी नेताओं, धार्मिक संगठनों ने भी जया बच्चन के बयान पर आपत्ति जताई है।



वीएचपी के मीडिया प्रभारी ने कहा कि गलत और झूठे बयानों से सनसनी फैलाने के लिए जया बच्चन को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ आस्था और भक्ति का आधार हैं, जहां धर्म, कर्म और मोक्ष मिलता है। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाएं जुड़ी हैं। बात दें संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए सपा सांसद जया बच्चन ने कहा था कि अभी सबसे ज्यादा दूषित पानी कहां है? कुंभ मेंज वहां मची भगदड़ में जिन लोगों की मौत हुई, उनके शव नदी में फेंक दिए गए हैं, जिससे पानी दूषित हो गया है। असली मुद्दों पर कोई बात नहीं कर रहा है।जया बच्चन ने इसके साथ ही महाकुम्भ में आने वाले लोगों की संख्या पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा था कि कुंभ में आने वाले आम लोगों को कोई विशेष सुविधा नहीं दी जा **शेष अंतिम पृष्ठ पर**


### दिल्ली में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) पांच फरवरी को दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं। उसके एक दिन पहले पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ की खबरें आई है। घटना बाहरी दिल्ली के भलस्वा इलाके की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां एक बिल्डिंग में कई बदमाश छिपे हैं। इन्हें पकड़ने पहुंची टीम पर फायरिंग होने पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रावाई की। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल भी हुआ है और 3-4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि जानकारी मिली थी कि भलस्वा इलाके की बिल्डिंग में कुछ बदमाश छिपे हैं। इसके बाद पुलिस टीम के साथ हथियारों से लैस होकर बदमाशों को पकड़ने गए थे।

## दिल्ली में सख्त सुरक्षा प्रबंधों में मतदान आज : भाजपा एवं आप की प्रतिष्ठा दाँव पर, कांग्रेस मौके की तलाश में

### इंडिया ब्लॉक की पांच पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में, राजधानी में भारी संख्या में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात

नई दिल्ली, 4 फरवरी (निस) दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए कल यानी 5 फरवरी को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं पांच पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर एक दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने 6, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्कसिस्ट (सीपीएम) और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्कसिस्ट लेनेनिस्ट (सीपीआई-एमएल) ने 2-2 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। बीजेपी ने 68 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी हैं। इसमें जनता दल-यूनाइटेड (जेडीयू) ने बुराड़ी और लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास ने देवली सीट से प्रत्याशी उतारे हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर बीजेपी को समर्थन दिया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) 70 और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे।चुनाव आयोग के मुताबिक निर्दलीय समेत कई पार्टियों के कुल 699 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने इन सभी उम्मीदवारों के हलफनामों की जांच कर रिपोर्ट तैयार की है। इसमें 19 फीसदी यानी 132 उम्मीदवार आपराधिक छवि के पाए गए हैं। इनमें से 81 पर हत्या, किडनैपिंग, बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 13 उम्मीदवार महिलाओं के खिलाफ अपराधों के आरोपी हैं।



एडीआर के मुताबिक पांच उम्मीदवारों के पास 100 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा की संपत्ति है। इसमें 3 बीजेपी के जबकि एक-एक कांग्रेस और आप का है। बीजेपी उम्मीदवारों की औसत संपत्ति करीब 22.90 करोड़ रुपए है। वहीं, तीन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है। करीब 28 फीसदी यानी 196 उम्मीदवारों ने अपनी उम्र 25 से 40 साल बताई है। 106 (15फीसदी) की उम्र 61 से 80 साल के बीच, जबकि तीन की उम्र 80 साल से ज्यादा है। सभी 699 उम्मीदवारों में 96 महिलाएं हैं, जो करीब 14 फीसदी होता है। प्रत्याशियों के एजुकेशन क्वालिफिकेशन की बात करें तो 46 फीसदी ने अपने आपको 5वीं से 12वीं पढ़ाई करना बताया है। 18 उम्मीदवारों ने खुद को डिप्लोमा धारक, 6 ने साक्षर और 29 ने असाक्षर बताया है।

**दिल्ली चुनाव में 60 सीटें जीतकर केजरीवाल फिर बनेंगे मुख्यमंत्री - संजय सिंह का बड़ा दावा**

आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा में आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में धांधली की जा रही है और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव में 60 सीटें जीतकर अरविंद केजरीवाल एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। सिंह उच्च सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग रहे थे।संजय सिंह ने बीजेपी को **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने नगर निकायों का चुनाव कार्यक्रम घोषितकिया

चंडीगढ़, 4 फरवरी (अमृतपाल सिंह): हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त श्री धनपत सिंह ने आज बताया कि प्रदेश की नगर निकाय की 7 नगर निगम, 4 नगर परिषद तथा 21 नगर पालिकाओं में होने वाले चुनाव के लिए मतदान 2 मार्च को होगा। इसके अलावा नगर निगम पानीपत में मतदान की तिथि 9 मार्च रहेगी । साथ ही दो नगर निगमों में मेयर पद, एक नगर परिषद में चेयरमैन, दो नगर पालिकाओं में चेयरमैन और तीन नगर पालिकाओं के वार्डों में पार्षद पद के लिए उप-चुनाव के लिए भी 2 मार्च को ही मतदान होगा।श्री धनपत सिंह ने आज पंचकूला के सेक्टर-17 स्थित राज्य चुनाव आयोग के कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि नगर निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही सम्बन्धित निकाय क्षेत्रों में अभी से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।उन्होंने बताया कि उक्त तिथियों के अनुसार नगर निगम फरीदाबाद, गुरूग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक, यमुनानगर में चुनाव होंगे जबकि नगर परिषद अम्बाला सदर, पटौदी जटोली मंडी, थानेसर और सिरसा तथा नगर पालिका बराड़ा, बवानी खेडा, लौहारू, सिवानी, जाखल मंडी, फरूख नगर, नारनौंद, बेरी, जुलाना, कलायत, सीवन, पूंडरी, इंद्री, नीलोखेडी, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानोर, खरखोदा और रादौर में चुनाव होगा ।उन्होंने बताया कि नगर निगम अम्बाला और सोनीपत में मेयर पद के लिए , नगर परिषद सोहना में चेयरमैन पद के लिए और नगर पालिका असंध और इस्माइलाबाद में चेयरमैन पद के लिए उप चुनाव होगा। इसी प्रकार नगर पालिका सफीदों के वार्ड नंबर 14, तरावड़ी क वार्ड नंबर पांच तथा लाडवा के वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए भी उप चुनाव होगा ।उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव के लिए सम्बन्धित आरओ पांच फरवरी को नोटिस जारी करेंगे। पानीपत नगर निगम को छोड़कर उक्त सभी निकायों में 11 फरवरी से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल होंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी।



# सम्पादकीय

## मोदी की अमेरिकी यात्रा से उम्मीदें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी को अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगी दोनों ही नेता एक दूसरे को अपना दोस्त बताते हैं। डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका की अन्य देशों के साथ ट्रेड बार शुरू हो गई है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। भारत से अवैध रूप से अमेरिका में गए हजारों भारतीयों को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने जो सख्त रवैया अपना रखा है। आयात निर्यात व्यापार में असंतुलन होने के कारण डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के ऊपर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद चीन सहित तीन देशों पर टैरिफ को बढ़ा दिया है। अमेरिका की सरकार ने टैरिफ लगाने का जो कारण बताया है उसमें फेंटानाइल केमिकल को सबसे बड़ा कारण बताया है। यह अमेरिका में घातक नशे के रूप में फैलाया जा रहा है। यह एक दर्द निवारक औषधि के रूप में उपयोग में लाया जाता है। यह हेरोइन से 50 गुना अधिक शक्तिशाली होता है। अमेरिका का कहना है कि यह चीन से तैयार होकर मैक्सको भेजा जाता है। वहां से अमेरिका भेजा जाता है। अमेरिका में इस नशे के कारण हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, जिसके कारण टेरिफ़ बढ़ाने का निर्णय अमेरिका की सरकार ने लिया है। इस मामले में भारत का नाम भी सामने आ रहा है। फेंटानाइल को तैयार करने में दो रासायनिक पदार्थ, गुजरात से चीन भेजे जाने का प्रमाण अमेरिकी सरकार के पास उपलब्ध है, जिसके कारण भारत पर भी अमेरिका टैरिफ लगाने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्थिति में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बात करके मामले को आपसी सहमति से सुलझाने की दिशा में जो प्रयास किया था, उसमें भारत को आंशिक सफलता प्राप्त हुई है। भारत ने अमेरिका से जो सामान आयात हो रहा है उसमें टैरिफ घटा दिया है। भारतीय अवैध प्रवासियों को भी भारत वापस ले रहा है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के पहले व्यापारी हैं, उन्हें पता है कि किस तरह से दबाव बनाकर ज्यादा से ज्यादा फायदा लिया जा सकता है। अमेरिका के दबाव में भारत आ गया है। एक तरह से भारत ने अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 12 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर भारत के साथ अपने संबंधों की समीक्षा करेंगे। अभी तक भारत सरकार ने अमेरिका की यात्रा का कोई आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों से जो जानकारी मिल रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत से 10 फरवरी को पेरिस जा रहे हैं। फ्रांस का दौरा खत्म कर वह 12 फरवरी को अमेरिका पहुंचेंगे। 13 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बैठक होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मोदी के सम्मान में एक डिनर का आयोजन करेंगे। इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच में व्यापार टैरिफ रक्षा सहयोग हैंड प्रशांत महासागर तथा चीन के साथ संबंधों को लेकर चर्चा हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को चेतावनी देते हुए और दबाव बनाकर जो हासिल करना चाहते थे वह कर लिया है। भारत को ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में लिए गए निर्णय, जिसमें डॉलर मुद्रा के स्थान पर अन्य मुद्राओं में व्यापार करने की सहमति बनी थी उससे भारत को दूर करना था। अमेरिका की धमकी का असर हुआ और भारत ने डॉलर की सर्वोच्चता स्वीकार कर ली है। अवैध प्रवासी भारतीयों को भी वापस लेने के लिए भारत तैयार हो गया। अमेरिका से आयातित वस्तुओं के लिए टैरिफ भी भारत ने घटा दिया है। डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच में जो तनाव बना था, वह बर्फ की तरह तेजी से पिघल रहा है। 13 फरवरी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दोस्त के रूप में एक दूसरे के गले मिलेंगे और एक दूसरे के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय करेंगे। अमेरिका को भारत की बहुत आवश्यकता है। चीन और रूस के साथ अपने संबंधों को लेकर भारत की भूमिका को अमेरिका गंभीरता के साथ देखता है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर जो स्थिति बनी हुई है उसको देखते हुए यह माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास अन्य कोई विकल्प नहीं है कि वह अमेरिका और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नाराज करें। ऐसी स्थिति में अमेरिका जो चाहता है वह भारत को करना पड़ेगा। विदेश मामलों के जानकारों का कहना है भारत दो पाँटों के बीच में फंस गया है। ऐसी स्थिति में वह किसी को नाराज नहीं कर सकता है। चीन रूस और अमेरिका के बीच में भारत ही एक ऐसा देश है जो वर्तमान संदर्भ में तीनों के बीच में संतुलन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर सकता है। अमेरिका इस बात को समझ रहा है। इसी का फायदा उठाते हुए पहले उसने भारत के खिलाफ अपना शिकंजा कसा अब शिकंजे में कसकर भारत को अपने इशारों पर नचाने की जो तैयारी कर रहा है। वर्तमान में भारत कोई रिस्क नहीं ले सकता है। अत: यह आशा की जा सकती है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तविक स्थिति को समझते हुए भारतीय हितों का ध्यान रखते हुए निर्णय लेंगे।

# आम बजटः मध्यमवर्ग किसान, महिला, युवाओं की प्रगति के आसार

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत द्वारा पेश किए गए 1 घंटा 17 मिनट्स के पूर्ण बजट पर लगी हुई थीक्योंकि पूरी दुनियाँ में आज भारत एक बढ़ती अर्थ व्यवस्था के रूप में चिन्हित हो चुका है व अपने विज़न 2047 के रणनीतिक रोडमैप के सटीक कदम बढ़ाते जा रहा है,इसलिए अब ज़रूरी हो गया है कि हमें आर्थिक विकास दर कम से कम एक दशक तक 8 पेर्सेंट की दर से बनाए रखना है, इसलिए हर साल बज़ट पर ध्यान देना ज़रूरी हो गया है,चूँकि यूनियन बजट या आम बजट सरकार के खर्च और कमाई का पूरा लेखा-जोखा है ।जिस तरह से हम अपने घर का बजट बनाते हैं कि कितनीइनकम होगी और कितना खर्च होगा और अंत में बचत कितनी होगी। साधारण भाषा में कहा जा सकता है कि बजट आमदनी और खर्च का हिसाब- किताब है। सरकार और एक आम आदमी के बजट में बेहद मामूली फर्क होता है। आम आदमी सिर्फ अपने घर का बजट बनाता है, जबकि सरकार को पूरे देश का बजट बनाना पड़ता है ।11.01 मिनट पर सीतारमण ने बजट भाषण शुरू किया। आज दिनांक 1 फरवरी 2024 सुबह 11 बजे 1 घंटा 17 मिनट के बजट भाषण के दौरान उन्होंने 5 बार 11.24 बजे, 11.27 बजे, 11.44 बजे, 11.56 बजे और 12.16 बजे पानी पिया ।बजट 2025 में महिलाओं किसानों युवाओं बुजुर्गों को छप्पर फाड़ तोहफे दिए गए हैं ।निर्मला सीतारमण के बजट में इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिली है। अब नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख तक की सालान इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं अब पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे। सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है ।वित्त मंत्री ने कहा-यह बजट विकास पर फोकस हैं ।यह बजट सरकार की विकास को बढ़ाने, सभी के डेवलपमेंट, मिडिल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित है। हमने इस सदी के 25 साल पूरा करने जा रहे हैं। हमारी विकसित भारत की उम्मीदों ने हमें प्रेरणा दी है ।हमारी अर्थव्यवस्था सभी बड़ी इकोनमी में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है ।लोक सभा की कार्यवाही की शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया ।कई सांसद नारेबाजी करते दिखे ।जयराम नरेश बोले- टैक्स टेररिज्म खत्म हो ।चूँकि पूर्ण बजट 2025 में मध्यम वर्ग महिला किसान युवा बुजुर्गों सभी को छप्पर फाड़ उम्मीद से अधिक मिला ।नया आयकर कानून ( डायरेक्ट टैक्स कोड बिल 2025) लाने की



घोषणा-पुराना टैक्स रिज़ीम समाप्ति की ओर इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूर्ण बज़ट 1 फरवरी 2025 ञ्च मध्यम वर्ग,किसान महिला बुजुर्गों, युवाओं की बल्ले बल्ले।

साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2025 को केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा घोषित बजट में बड़े एलानो की करें तो बजट में बड़े ऐलान (1) न्यू इनकम टैक्स बिल अगले हफ्ते लाया जाएगा ।इन डायरेक्ट टैक्स रिफॉर्म को बाद में बताएंगे। (2) मिडिल क्लास को छप्पर फाड़ के फायदा 12 लाख तक कोई टैक्स नहीं (3) कैंसर की दवाएं सस्ती होंगी, (4)पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे। (5) अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस। (6) कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन, इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत बनेगा। (7) किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख होगी ।(9) बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा, इससे छोटे किसानों और व्यापारियों को फायदा। (10) छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड, पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे ।(11) एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ सेबढ़ाकर (12) करोड़, 1.5 लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा (13) स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जाएगा। गारंटी फीस में भी कमी होगी। (14) खिलौना उद्योग के लिए मेक इन इंडिया के तहत विशेष योजना शुरू की जाएगी। (15) 23 आईआईटी में 1.35 लाख स्टूडेंट्स मौजूद - आईआई टी पटना का विस्तार होगा। (16) एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल फॉर एआई के लिए 500 करोड़ रुपए का ऐलान। (17) मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाने का ऐलान।

साथियों बात कर हम बजट मध्यम वर्ग के लिए 13 बड़े ऐलानों की करें तो, मध्यम वर्ग के लिए 13 ऐलान, किराया आमदनी पर टीडीएस छूट 6 लाख रुपए (1) अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिक्शन के साथ टैक्स लिमिट 12.75 लाख। (2)बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गई (3)टीडीएस की सीमा 10 लाख रुपए की गई। (4) 4 साल तक अपडेटेड आईटीआर भर सकेंगे। (5) किराया आमदनी परटीडीएस छूट 6 लाख रुपए की गई। (6) मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी। (7) ईवीं और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी। (8) एलईडी-एलसीडी टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5 पेर्सेंट की गई ।(9) देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा ।(10)1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा। (11) शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी। (12) एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे ।(13) हर घर नल से जल पहुंचाने जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।

साथियों बात अगर हम बजट में बुजुर्गों और महिला उद्यमियों के लिए ऐलानों की करें तो, महिलाओं के लिए 3 ऐलान- (1) पहली बार उद्यमी को दो करोड़ का टर्म लोन(2)एससी -एसटी की एमएसएमई महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना। (3) पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा। बुजुर्ग के लिए 6 ऐलान- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी (1) सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए। (2) 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री। (3) देश में 200 डे-केयर कैंसर सेंटर बनेंगे (4) मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगीं। (5) 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5 पेर्सेंट घटाई। (6) 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर। साथियों बता ग्राम किसानों के लिए बजट में 11 यूएनओ की करें तो किसान के लिए 12 ऐलान- (1) किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए (2) किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई। (3) देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी ।100 जिलों को फायदा होगा। (4) डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन। (5) समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30त्न से घटाकर 5 पेर्सेंट की गई। (6)अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा। (7) बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा।

# प्रयागराज कांड : मानव जनित वैश्विक त्रासदी है भगदड़

**- तनवीर जाफरी**

गत 28 जनवरी की देर रात 1:30 बजे के क़रीब संगम तट पर भगदड़ की घटनायें हुईं। इस दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ को लेकर कई अलग अलग दावे किये जा रहे हैं। स्वयं को प्रत्यक्षदर्शी बताने वाले कुछ लोगों का दावा है कि उस रात एक नहीं बल्कि 3 स्थानों पर भगदड़ हुई। इनमें दो जगहें संगम मेला क्षेत्र में थीं और एक भगदड़ जी टी रोड पर भी हुई बताई जा रही है। इसी तरह मृतकों के आंकड़ों को लेकर भी अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। सैकड़ों लोग अपने बिछड़े परिजनों को तलाश रहे हैं। हज़ारों लोगों के जुते चप्पल व अन्य सामान लावारिस पड़े दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जिनकी फ़ोटो योग गुरु रामदेव के साथ भगदड़ से दो दिन पहले ही नृत्यासन जैसी मुद्रा में वायरल हो रही थी, भगदड़ के बाद भी कई वेबसाईट व अख़बारों ने उसी फ़ोटो को प्रकाशित किया गया है। दरअसल उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को इस भगदड़ को लेकर इसलिये भी आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है क्योंकि सरकार इस पूरे महाकुंभ आयोजन को अपनी सरकार की सफ्लता के रूप में काफ़ी बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रही थी। ज़ाहिर है जो सरकार अपनी सफ्लता के लिये अपनी पीठ स्वयं थपथपाने में माहिर हो कम से कम उसकी कमियों को उजागर करने का काम ईमानदार मीडिया व आलोचकों को तो करना ही चाहिये ? जबकि भगदड़ न तो कुंभ मेले में पहली बार हुई है न ही केवल कुंभ में ही भगदड़ होती है। और ऐसा भी नहीं है कि केवल भारत में ही भगदड़ होती हो। सऊदी अरब के मक्का में 1990 में हज यात्रा के दौरान एक बड़ी भगदड़ मचने से लगभग 1,400 लोगों की मौत हो गई थी। यह हादसा तब हुआ जब एक तंग मागज़ पर भीड़ जमा हो गई थी और लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे थे। इसी तरह सऊदी अरब में ही 2006 में हज के दौरान बड़ी भगदड़ में लगभग 360 हज यात्रियों की मौत हो गई थी। इसी तरह 2015 के हज में हुई बड़ी भगदड़ हज यात्रा के दौरान का अब तक का सबसे बड़ा हादसा था जिसमें लगभग 2,300 लोगों की जान चली गई थी। यह हादसा भीड़ की असंतुलित स्थिति के कारण हुआ था, जब हज यात्रियों का एक समूह शैतान पर पत्थर फेंकने के लिए इकट्ठा हो रहा था। इसी तरह कुंभ मेलों के दौरान भी भगदड़ मचने



के पूवज़ में इससे भी बड़े व भयानक हादसे हुए हैं। कई देशों में फुटबाल मैच या अन्य खेल अथवा मनोरंजक आयोजनों के दौरान भगदड़ मचने की घटनायें हो चुकी हैं। दरअसल भीड़ को कम कर या उसे विभिन्न क्षत्रों में विभाजित कर ऐसे हादसों को टाला जा सकता है। परन्तु सरकार तो स्वयं भीड़ के आंकड़ों को बढ़ा चढ़ाकर पेश करती है। ऐसे में जो श्रद्धालु रोज़ाना करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम तट पर पहुँचने की ख़बर घर बैठे सुनता रहता है और मीडिया के माध्यम से वहां उपलब्ध सुविधाओं के सब्ज़ बाग़ देखता रहता है वह ज़रूर सोचता होगा कि कहीं वही इस पावन अवसर पर पुण्य कमाने से महरूम न रह जाये। और यह सोचकर आम भक्तजन तरह तरह की दु:ख तकलीफ़ उठाते हुये भी चल पड़ते हैं। परन्तु जब वह ऐसे विशाल आयोजनों में पहुँचते हैं फिर उन्हें पता चलता है कि गोदी मीडिया द्वारा टी वी पर किया जाने वाला प्रचार या विज्ञापनों से पटे पड़े अख़बार केवल सरकार द्वारा प्रचारित उजले पक्ष को ही रखते हैं। और इसतरह का हादसा हो जाने के बाद केवल लाशों की संख्या छुपाने या कम बताने की बात तो पूवज़ में भी होती ही रही है। परन्तु यह पहली बार सुनने में आ रहा है कि इस बार तो सरकार पूरी भगदड़ पर ही पदाज़ डालने की कोशिश कर रहे है। अन्यथा क्या कारण है कि अलग अलग सूत्रों से प्राप्त होने वाली तीन अलग अलग भगदड़ की ख़बरों के बीच सरकार अभी तक यह क्यों नहीं बता पाई कि 28 जनवरी को प्रयागराज कुंभ में भगदड़ के हादसों की वास्तविक संख्या क्या थी। भगदड़ के अतिरिक्त आगज़नी की भी कई घटनायें इसी मेला क्षेत्र में हो चुकी हैं। कभी साधुओं व कल्पवासियों के टेंट जल गये तो कभी गीता प्रेस के 180 टेंट कॉटेज जलकर राख हो गये। ऐसे हादसों से क्या हम वास्तव में कोई सबक़ लेने को तैयार भी हैं ? क्या भीड़ को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने वाली सरकारें अपने इस आमंत्रित वोट बैंक की जान व माल की सुरक्षा की गारंटी भी ऐसे आयोजनों में दे सकती हैं ? क्या वजह है कि ऐसी भगदड़ों में प्राय: वही लोग अपने जान माल से हाथ धो बैठते हैं जो सरकार की लाभाथिज़्यों की सूची में शामिल हैं। जबकि सत्ता व शासन-प्रशासन के निकटस्थ या फिर सम्पन्न व विशिष्ट लोग ऐसे हादसों में मरते कुचलते नहीं सुनाई देते। क्योंकि ऐसे विशिष्ट लोग अपने धन या प्रोटोकाल की बदौलत स्वयं को कहीं भी सुरक्षित कर लेते हैं जबकि आम आदमी के तो नसीब में ही भीड़ और भगदड़ का शिकार होना लिखा है। कई जगहों पर वी आई पी की आवाजाही के चलते भी भगदड़ जैसे हादसे होते रहे हैं। गत 28 जनवरी के हादसे को भी कथित तौर पर वी आई पी मूवमेंट से जोड़कर देखा जा रहा है। शायद यही वजह थी कि इस घटना के फ़ौरन बाद ही सभी वी आई पी पास निरस्त कर दिए गये। बताया जाता है कि 3 फ़रवरी, 1954 को भी इलाहबाद में लगे कुंभ मेले में मौनी अमावस्या के लिए लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। यहाँ कुछ अफ़्वाहें फैलने के बाद भगदड़ मच गई। 45 मिनट तक चली इस भगदड़ में लगभग 800 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। बताया जाता है कि उस कुंभ में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी आए थे। इसी तरह सऊदी अरब में हज के दौरान जहां टेंटों में आग लगने व हाजियों के ज़िंदा जलने की ख़बरें आ चुकी हैं वहीं कहीं शैतान पर पत्थर फेंकने या तंग रास्ते में अत्याधिक लोगों के इकट्ठा होने के कारण भी भगदड़ मच चुकी है। हज के दौरान सऊदी किंग के आवागमन व उनके प्रोटोकाल पर अमल करने के कारण भी भगदड़ के हादसे हो चुके हैं। कहा जा सकता है कि भगदड़ एक मानव जनित वैश्विक त्रासदी है और जब जब जहाँ जहाँ इसतरह की अनियंत्रित भीड़ इकट्ठी होती रहेगी ऐसे हादसों की संभावना हमेशा बनी रहेगी।

# दिल्ली चुनावः क्या कांग्रेस कर सकती है कोई चमत्कार

**-सुधांशु द्विवेदी**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार की सरगर्मी अब थम गयी है। दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी जहां एक ओर पुन- चुनावी फतह हासिल करने की दिशा में पुरजोर प्रयास करती नज़र आई है वहीं केन्द्र में सत्तासीन भाजपा अपनी केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और दिल्ली की आप सरकार की कथित नाकामियों को मुद्दा बनाकर चुनावी सफलता के लिये प्रयासरत रही है। वहीं दिल्ली के इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की दमदार उपस्थिति से दिल्ली का चुनावी मुकाबला इस बार त्रिकोणीय एवं रोचक हो गया है। दिल्ली के सर्वांगीण विकास एवं कायाकल्प का जो काम दिल्ली में 15 साल तक सत्ता में रही कांग्रेस सरकार के दौर में हुए थे उन कामों का 20 प्रतिशत भी दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार व केन्द्र की भाजपा सरकार दिल्लीवासियों के हित में नहीं कर पाई, यही कारण है कि दिल्लीवासियों का झुकाव इस बार कांग्रेस की तरफ नजर आया है। क्यों कि अपनी पिछली सरकार की इन्हीं उपलब्धियों को मुद्दा बनाकर कांग्रेस नेता दिल्ली की चुनावी मुहिम में जुटे रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, असीम ऊर्जा के पर्याय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ एवं कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी की प्रभावी राजनीतिक रणनीति से जहां दिल्ली में कांग्रेस की चुनावी संभावनाएं प्रबल हो रही हैं वहीं देश की राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस की बढ़ी हुई ताकत और राहुल गांधी की देश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ती लोकप्रियता एवं साख दिल्ली के सियासी समीकरणों को खासे प्रभावित कर रहे हैं। दिल्ली एवं देश की राजनीति में राजनीतिक क्रांति के सूत्रपात का दावा करके आम आमी पार्टी लांच कर अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले में अपने सहयोगियों सहित जेल की हवा खा चुके हैं तथा सशर्त जमानत के बाद जेल से उनकी रिहाई हुई है। वहीं केन्द्र सत्तासीन भाजपा एवं मोदी- शाह जैसे उसके नेताओं के नकारेपन के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को कोई बड़ी राजनीतिक सफलता मिलती हुई नजर नहीं आ रही है। हर सरोकार पूर्ण कार्य को अपने सियासी उद्देश्यों के लिये इवेंट बनाने वाले तथा संवैधानिक दायित्वों के प्रभावी निर्वहन की जगह सिर्फ नौटंकियां करने वाले भाजपाइयों में व्यवस्थात्मक सूझबूझ व ज्ञान एवं सैद्धांतिक- नैतिक प्रतिबद्धता के अभाव के कारण 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का ग्राफ तेजी से गिरा है तथा खासकर उत्तरप्रदेश में भाजपा को भारी राजनीतिक पराभव का सामना करना पड़ा है। अयोध्या में राम को लाने का दावा करके मजहबी एवं सांस्कृतिक बेवकूफी करने वाले भाजपाई लोकसभा में अपनी पार्टी के लिये अयोध्या की लोकसभा सीट तक नहीं ला पाये। केन्द्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए की गठबंधन सरकार पर भाजपा की इस राजनीतिक कमजोरी एवं मजबूरी का असर साफ नजर आ रहा है। वहीं दिल्ली के राजनीतिक समीकरणों की दृष्टि से आम आदमी पार्टी और भाजपा के खिलाफ एंटी इनकंबेसी फैक्टर स्पष्ट नजर आ रहा है। जो दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक पुनरुत्थान की दृष्टि से बड़े अवसर के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली में भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक पीएम मोदी हैं तो आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े चुनावी खेवनहार अरविंद केजरीवाल हैं लेकिन बुद्धिजीवियों की नजर में मोदी और केजरीवाल किसी राजनीतिक विदूषक से कम नहीं हैं। क्यों कि मोदी की पार्टी ने दिल्ली में एक ऐसे व्यक्ति को विधानसभा चुनाव का टिकट दिया है तथा मोदी ऐसे व्यक्ति के लिये दिल्लीवासियों से वोट मांग रहे हैं जो सरेआम एक महिला मुख्यमंत्री और उसके पिता को गाली देता है। वहीं केजरीवाल के राजनीतिक लश्कर में ऐसे- ऐसे लजाऊ चेहरे हैं जिनमें से किसी को दिल्ली के ही चीफ सेक्रेटरी को थप्पड़ मारने के आरोप में गिरफ्तार तक किया जा चुका है तो किसी पर अपनी पत्नी से ही क्रूरता करने और अपनी पत्नी को ही कुत्तों से कटवाने का आरोप है।

## वोटिंग से पहले आप को सता रहा ये डर, झुग्गी बस्तियों में लगाईं टीमें

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार यानी 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर मतदान होना है। वोटिंग से पहले आज की रात से लेकर मतदान होने तक झुग्गियों में गड़बड़ी करने वालों पर आम आदमी पार्टी (आप) की नजर रहेगी। आप ने झुग्गी बस्तियां में नजर रखने के लिए कई टीमें लगाईं हैं। इन बस्तियों में रहने वाले अपने समर्थकों को भी जिम्मेदारी दी गई है । पार्टी के कार्यकर्ता भी झुग्गियों के मतदाताओं के संपर्क में रहेंगे। आम आदमी पार्टी का मुख्य मकसद विपक्षी दलों द्वारा झुग्गियों में रहने वाले मतदाताओं को प्रभावित करने से रोकना है। यहां बता दें कि झुग्गी बस्तियों का मतदाता पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को मतदान करता रहा है। यह मतदाता कभी कांग्रेस के लिए मतदान जरूर करता था, मगर जब से आम आदमी पार्टी ने फ्री की रेवड़ियां बांटनी शुरू की हैं तब से मतदाताओं ने आप की ओर रुख कर लिया। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में आप इस बात को लेकर आशंकित है कि झुग्गी बस्तियों के मतदाता को विपक्षी दल अपनी ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसे देखते हुए आप खासकर भाजपा को लेकर यह बात लगातार कहती रही है कि अगर भाजपा सत्ता में आ गई तो दिल्ली से झुग्गियां हटा दी जाएंगी, झुग्गी बस्तियों के लोगों को भी यह बात आप समझने की कोशिश कर रही है। यहां तक कि भाजपा के झुग्गी प्रवास अभियान को भी छलावा बताती है। मगर अब जब मतदान की तारीख अगले दिन है इसे देखते हुए आप पूरी जी-जान से लगी है कि झुग्गी बस्तियों के मतदाता को विपक्षी दल किसी तरह का प्रलोभन ना दे पाएं और उन्हें प्रभावित न कर पाएं। इसे देखते हुए आम आदमी पार्टी ने झुग्गियों में रहने वाले अपने समर्थकों को सतर्क किया है। वहीं, झुग्गियों में रहने वाले अपने समर्थकों को बाकायदा दिल्ली भर में टीमें लगा दी हैं, उन्हें किसी भी घटना के वीडियो बना लेने के निर्देश हैं। जिनकी ड्यूटी इस बात का पता करने पर रहेगी कि कौन से प्रत्याशी का कोई व्यक्ति झुग्गी में आता है और किस बात को लेकर लोगों से बात करता है। आप यहां तक कहती आ रही है कि भाजपा वाले वोट खरीदने के लिए पैसे देकर झुग्गी बालों से पहले ही उंगली पर स्याही तक लगवा सकते हैं।

## सिम्स में मां सरस्वती की हुई पूजा

बिलासपुर 4 फरवरी (निस) बड़े धूमधाम से सिम्स महाविद्यालय में पंडित आचार्य रघुनंदन प्रसाद दुबे द्वारा मां सरस्वती का पूजा वंदना पूरे विधि विधान से सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमेश मूर्ति ने पूजा अर्चना की और कहां की समय-समय पर ऐसा कार्यक्रम सिम्स कॉलेज में होते रहेगा आने वाले साल पर बड़े धूमधाम से बड़े कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती में किया जाएगा मां सरस्वती का पूरा अध्यात बताएं अधिष्ठाता ने ऊं ऐं सरस्वत्यै ऐं नम~। ऊं ऐं ह्रीं क्लीं महासरस्वती देव्यै नम~। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा करने से ज्ञान और धन का आशीर्वाद मिलता है। इस दिन पीले वस्त्र पहनना और पीले रंग का भोग लगाता शुभ माना जाता है। भगवान का पूजा अर्चना होने के बाद सिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को बसंत पंचमी की बधाई दी गई इस गरिमा में उपस्थिति में सिम्स के डॉक्टर भूपेंद्र कश्यप डॉ सारिका प्रधान डॉ सचिन पांडे डॉ प्रशांत निगम डॉ कमल सर दिनेश निर्मलकर फेकू चंद्राकर कमलेश दीवान संकर्षण गुप्ता महाविद्यालय के भारी संख्या में छात्र-छात्राएं कर्मचारीगण की गरिमा में उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## युवती से छेडख़ानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर 4 फरवरी (निस) महिला संबंधी मामले में कार्रवाई करते हुए तोरवा पुलिस ने युवती के साथ छेडख़ानी करने वाले आरोपी को पकडऩे में सफलता पाई है ।जहां आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया गया ।तोरवा पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र राय उर्फ बिट्टू पिता उपेंद्र राय उम्र 30 साल पता शोभा बिहार के आगे हेमुनगर शिव मंदिर के पास रहने वाले आरोपी युवक ने थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती का पीछा करते हुए उसके साथ छेडख़ानी की घटना को अंजाम देकर भाग गया। जहां आरोपी के खिलाफ युवती की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरी. अभय सिंह बैस के नेतृत्व में टीम द्वारा घेराबंदी कर त्वरित कार्रवाई कर आरोपी नरेंद्र राय उर्फ बिट्टू को पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

## कोहकापाल और बारदा पंचायतों ने रचा इतिहास, सरपंच-पंच निर्विरोध निर्वाचित

बस्तर 4 फरवरी (निस) जिले के बकावंड विकासखंड की ग्राम पंचायत कोहकापाल और बारदा ने पंचायत चुनाव में नया इतिहास रच दिया है। इन दोनों पंचायतों में सरपंच और सभी पंचों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है, जो लोकतांत्रिक जागरूकता और आपसी एकता की मिसाल पेश करता है। बकावंड विकासखंड को जिले का सबसे शिक्षित विकासखंड माना जाता है। यहां के लोग राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर ग्राम विकास को प्राथमिकता देते हैं। ग्राम पंचायत कोहकापाल के 16 वार्डों में सभी पंच निर्विरोध चुने गए। इसी कड़ी में सरपंच पद के लिए अंबाली बघेल का नाम सर्वसम्मति से तय किया गया। पंच पदों पर लखीराम, मुनिया, सुकरू, कमलोचन, रुक्मणि, आसमन, इंदुमती, जगन्नाथ, लीला, नीलेंद्री, सुकरू, नीलेंद्री, रामबती, गौरीमती, धनमती और छबिनाथ को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। ग्राम पंचायत बारदा में भी लोकतांत्रिक सद्भावना का परिचय मिला, जहां सरपंच और सभी वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। यहां तिलोत्तमा मौर्य को सरपंच चुना गया, जबकि पंच पदों के लिए युगवती राठौर, रत्ना कश्यप, रयमती कश्यप, प्रिया चौहान, सुलोचना बघेल, दुलमा, जगदीश नायक, रेखा कुमार नायक, भुवनेश्वर भारती और मकरंद बघेल निर्वाचित हुए। बारदा ग्राम पंचायत में निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित करने के लिए लगातार बैठकें आयोजित की गईं। ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से तय किया कि पूर्व सरपंच कमल मौर्य के परिवार से किसी सदस्य को सरपंच बनाया जाए, क्योंकि उनके कार्यकाल में ग्राम पंचायत में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए थे। महिला आरक्षित सीट होने के कारण उनकी भाभी तिलोत्तमा मौर्य को सरपंच पद के लिए चुना गया। ग्रामवासियों का मानना है कि कमल मौर्य के नेतृत्व में बारदा पंचायत में सड़क, नाली, पुल-पुलिया और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विकास हुआ। इसी विश्वास के साथ ग्रामीणों ने मार्गदर्शक मंडल का गठन किया है, जो तिलोत्तमा मौर्य को भी गांव के विकास की दिशा में मार्गदर्शन देगा। कोहकापाल और बारदा पंचायतों का यह निर्विरोध चुनाव आपसी सौहार्द, जागरूकता और विकास की प्राथमिकता को दर्शाता है।

# प्रेग्नेंसी का रचा ढोंग, सफदरजंग अस्पताल से चुराया बच्चा

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) दिल्ली में एक हैरान करने वाली घटना घटी है। 35 साल की एक महिला ने पिछले हफ्ते सफदरजंग अस्पताल से तीन महीने के बच्चे का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। वह उसे घर ले गई और परिवार को बताया कि उसने बच्चे को जन्म दिया है। दरअसल महिला कई महीनों से गर्भवती होने का नाटक कर रही थी। इसे सच साबित करने के लिए उसने बच्चा चुरा लिया। हालांकि पुलिस ने आरोपी महिला नीतू को गिरफ्तार कर लिया और बच्चे को उसके माता-पिता के पास वापस भेज दिया। पुलिस के अनुसार, महिला गर्भधारण नहीं कर सकती थी, इसलिए उसने गर्भावस्था का नाटक किया। पिछले महीने, वह सफदरजंग अस्पताल गई और वहां 32 वर्षीय महिला से दोस्ती की, जो पेट दर्द का इलाज करा रही थी। बच्चे की मां ने पुलिस को बताया कि वह तीन दिनों से अस्पताल में थी, जहां उसकी वेटिंग हॉल में मुलाकात नीतू से हुई। उसने बताया कि नीतू अक्सर अस्पताल आती थी, उसका हालचाल लेती थी और बुधवार सुबह करीब 10.15 बजे महिला कुछ सामान खरीदने के लिए अस्पताल से बाहर निकली। उसने अपने तीन महीने के बच्चे को नीतू के पास छोड़ दिया, जो कथित तौर पर उसे लेकर अस्पताल से भाग गई। पुलिस को दोपहर करीब 2 बजे घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। मामले की जानकारी रखने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें पता चला कि नीतू अपना बैग हॉल में भूल गई थी। सीसीटीवी फुटेज और बैग में मिले बस और मेट्रो टिकट की मदद से पुलिस ने कहा कि वे उस ऑटो चालक का पता लगा सकते हैं जिसने बताया था कि उसने आरोपी और बच्चे को रोहिणी के भीम राव अंबेडकर अस्पताल में छोड़ा है। आरोपी दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर की रहने वाली है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (दक्षिण-पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि बीआर अंबेडकर अस्पताल पहुंचने पर, उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखी। जिसमें दिखा कि महिला बच्चे और दो लोगों के साथ कार में बैठ रही है। इसे ट्रैक किया गया तो गाड़ी नीतू के पति राजीव सिंह की निकली। सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ने उसे और उसके पिता को अस्पताल से उसे ले जाने को बुलाया था, जहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया था। नीतू और सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया, जबकि बच्चे को उसके माता-पिता के पास भेज दिया गया।

# लोगों को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराने वार्डों में ईव्हीएम की जीवंत प्रदर्शनी

बिलासपुर 4 फरवरी (निस) नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत लोगों को ईव्हीएम मशीन की जानकारी देने विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए वार्डवार मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये गये हैं जो ईव्हीएम मशीन की जीवंत प्रदर्शनी से लोगों को मतदान की प्रक्रिया और तकनीकी बारीकियों से अवगत कराएंगे। सवेरे 10 बजे से 4 बजे तक ईव्हीएम की जीवंत प्रदर्शनी वार्डों में लगाई जाएगी। आज 4 फरवरी 2025 जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 साई नगर के पौनी पसारी हॉफा चौक के पास उस्लापुर, वार्ड क्रमांक 4 गोकुल नगर महामाया चौक, जोन क्रमाक 2 के वार्ड क्रमांक 7 कलिका नगर हेतु विष्णु चौक के पास, वार्ड क्रमांक 8 चित्रकांत जायसवाल नगर मन्नाडोल सामुदायिक भवन के पास, जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 नेहरू नगर में ठेठा डबरी शांति नगर, वार्ड क्रमांक 18 तिलक नगर आत्मानंद स्कूल तिलक नगर में, जोन क्रमांक 4 से वार्ड 25 क्रांतिकुमार भारतीय नगर के प्राथमिक शाला तालापारा में, वार्ड 26 शहीद अशफाक उल्ला नगर में रमजानी बाबा गार्डन के पास, जोन क्रमांक 5 के वार्ड 32 शहीद विनोद चौबे नगर में राष्ट्रीय बाल मंदिर हॉल सीएमडी कॉलेज, वार्ड 33 गांधी नगर में स्वा.आ.शा.बहु.उ. उत्कृष्ट हिंदी मीडियम विद्यालय जूना बिलासपुर, जोन क्रमांक 6 से वार्ड क्रमांक 41 विवेकानंद नगर के जोन कार्यालय के पास, वार्ड 42 शहीद चन्द्रशेखर आजाद नगर में देवरीखुर्द गद्दा चौक, वार्ड 43 बंशीलाला घृतलहरे में देवरी खुर्द गद्दा चौक, जोन क्रमांक 7 के वार्ड 50 बैरिस्टर छेदी लाल में आत्मानंद स्कूल लिंगियाडीह, वार्ड 51 राजकिशोर नगर में जोन कार्यालय राजकिशोर नगर, वार्ड 52 रविन्द्रनाथ टैगोर नगर में लिंगियाडीह माध्यमिक शाला दयालबंद रोड, जोन क्रमांक 8 से वार्ड 62 शास्त्री नगर में सुदर्शन भवन बंगालीपारा, वार्ड 63 अरविंद नगर में कान्हा सामुदायिक भवन, वार्ड 64 महामाया नगर में रामचौरा बिरकोना में ईव्हीएम प्रदर्शनी एवं जनता को जानकारी देने मास्टर ट्रेनर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार 7 फरवरी 2025 को जोन क्रमांक 1 के तहत वार्ड 13 पंडित दीनदयाल मंगला में वार्ड कार्यालय के पास, वार्ड 14 मिनीमाता नगर में शिक्षक कॉलोनी के सामुदायिक भवन, जोन क्रमांक 2 के वार्ड 9 यातायात नगर के सामुदायिक भवन के पास परसदा, वार्ड 10 गुरू गोविंद सिंह नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल के पास सूर्यवंशी मोहल्ला, जोन क्रमांक 3 के वार्ड 19 कस्तूरबा नगर वार्ड के प्राथमिक शासकीय सिंधी कॉलोनी स्कूल बलराम टाकिज रोड, वार्ड 20 भक्त कंवर राम नगर मे पूज्य पंचायत भवन सिंधी कालोनी, जोन क्रमांक 4 से वार्ड 27 विनोबा नगर में गायत्री मंदिर के पास, वार्ड 28 प्रियदर्शनी नगर में दुर्गा पंडाल पानी टंकी के पास तारबहार, जोन क्रमांक 5 से वार्ड 34 संत रविदास नगर में शासकीय प्रथमिक शाला भवन कुम्हारपारा, वार्ड 35 नागोराव शेष नगर के शासकीय कन्या शाला भूवन जूना बिलासपुर, जोन क्रमांक 6 से वार्ड 44 शंकर नगर में हेमुनगर विधानी चौक, वार्ड 45 से शहीद हेमू कॉलोनी हेमूनगर विधानी चौक, वार्ड 46 गणेश नगर के अन्नपूर्णा कॉलोनी सामुदायिक भवन, जोन क्रमांक 7 से वार्ड 53 कमला नेहरू नगर के शासकीय हाई स्कूल चिंगराजपारा, वार्ड 54 भक्त माता कर्मा नगर में शबरी माता महाविद्यालय, वार्ड 55 माता परमेश्वरी नगर में राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय, जोन क्रमांक 8 से वार्ड 65 संत नामदेव नगर के चंद्रमौली मंदिर परिसर, वार्ड 66 पंडित शिवदुलारे मिश्रा नगर के संत नामदेव भवन, वार्ड 67 विद्यासागर नगर के माता चौरा सरकंडा में शिविर लगाया जाएगा।

8 फरवरी 2025 को जोन क्रमांक 2 के वार्ड 11 संत कबीर दास नगर में पुरानी पानी टंकी के पास, वार्ड 12 बढ़ादेव नगर में बन्नाक चौक सिरगिट्टी में, जोन क्रमांक 3 से वार्ड 21 गुरूघासीदास नगर के नवीन प्राथमिक शाला जरहाभाठा राजीव गांधी चौक के पास, वार्ड 22 डॉ भीमराव अम्बेडकर के मिशन स्कूल राजेन्द्र नगर में, जोन क्रमांक 4 से वार्ड 29 संजय गांधी नगर में दुर्गा पंडाल पानी टंकी के पास तारबहार में, जोन क्रमांक 5 से वार्ड 36 बसंत भाई पटेल नगर में महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में, वार्ड 37 इंदिरा नगर हेतु डी. पी. विप्र कॉलेज में, जोन क्रमांक 6 से वार्ड 69 बिलासा दाई केवटिन नगर हेतु नष्टी भवानी मंदिर के पास, वार्ड 70 त्रिपुर सुंदरी नगर हेतु बुधवारी बाजार चौक में, जोन क्रमांक 7 से वार्ड 56 विजय नगर हेतु विजयापुरम कालोनी में, वार्ड 57 अशोक नगर हेतु डी.पी. विप्र लॉ कॉलेज में, वार्ड 58 रानी दुर्गावती नगर हेतु प्राथमिक शाला मुरूम खदान में एवं जोन क्रमांक 8 के वार्ड 68 रामकृष्ण परमहंस नगर में पानी टंकी के पास रिवर व्यू कॉलोनी में ईव्हीएम की जीवंत प्रदर्शनी सवेरे 10 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी।

# निकाय चुनाव: नजूल पट्टाधारियों को बनाया जाएगा भूमि स्वामी, छात्राओं को मुफ्त में सेनेटरी पैड

बिलासपुर 4 फरवरी (निस) छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र में पार्टी ने जनता को 20 बड़े वादे किए हैं। भाजपा ने इसे जनता के विकास का संकल्प पत्र बताया है और कहा है कि यह घोषणाएं जनता की समस्याओं को दूर करने और उनकी जिंदगी में बदलाव लाने की दिशा में की गई हैं। घोषणा पत्र में सबसे बड़ा वादा राज्य के नजूल पट्टाधारियों को भूमि स्वामी बनाने का किया गया है। इस वादे के तहत भाजपा ने कहा है कि नजूल भूमि पर रहने वाले लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा, जिससे लाखों परिवारों को राहत मिलेगी। महिला स्व सहायता समूह के लिए खासतौर पर महतारी वंदन योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को 2.5 लाख रुपए तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जाएगा। भाजपा ने छात्राओं को भी ध्यान में रखते हुए मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित करने का वादा किया है, जिससे उनकी स्वच्छता और स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके। घोषणा पत्र में युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास पर भी फोकस किया गया है। भाजपा ने यह भी वादा किया है कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। सडक़ों, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता और सीवरेज व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने का वादा किया गया है। इसके अलावा, छोटे व्यवसायियों और दुकानदारों के लिए विशेष योजनाएं लागू करने की बात कही गई है। भाजपा ने नगरीय क्षेत्रों में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को तेज करने, पार्क और सार्वजनिक स्थानों के सौंदर्यीकरण, और कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने का भी आश्वासन दिया है। घोषणा पत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी जोर दिया गया है। भाजपा ने कहा है कि नगरीय क्षेत्रों में नए स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे। साथ ही, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए निगरानी और हेल्पलाइन सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि उनकी पार्टी जनभावनाओं को समझती है और यह वादे सिर्फ घोषणाएं नहीं, बल्कि ठोस इरादे हैं। उन्होंने जनता से भाजपा को विजयी बनाने की अपील की ताकि इन वादों को साकार किया जा सके। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा का यह घोषणा पत्र नगरीय निकाय चुनाव में किस हद तक जनता को आकर्षित कर पाता है। क्या है घोषणा पत्र में प्रमुख 0 नजूल भूमि के साथ सभी पट्टा धारकों को भूमि स्वामी बनाया जाएगा। 0 3 लाख पीएम आवास योजना को पूरा करेंगे। जो बिजली बिल और समेकित कर (टैक्स) देते हैं उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगा। 0 महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी टैक्स में 25त्न की छूट दी जाएगी। हर महीने 7 तारीख से पहले संपत्ति टैक्स जमा करने वालों को 10त्न की छूट दी जाएगी। 0 हर नगर निगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना होगी। इससे क्क्स्ष्ट मेंस पास करने वाले उम्मीदवारों को 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। 0 हर नगरीय निकाय के व्यवसायिक केंद्र में बिजली सडक़ शौचालय पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जाएंगे। 0 बाजारों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधा का विस्तार होगा।

# चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर किया लहूलुहान, अकबर, सलमान और अशरफ समेत 7 गिरफ्तार

बिलासपुर 4 फरवरी (निस) युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान करने वाले सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घायल युवक को गंभीर स्थिति में अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि ओमप्रकाश मानिकपुरी उर्फ गब्बर पिता दयादास मानिकपुरी उम्र 23 वर्ष निवासी अशोक नगर मुरूम खदान सरकण्डा ने 02.02.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रात्रि में करीब 09.30 बजे खान खाकर घर के बाहर खड़ा था। तभी मोहल्ले का संजू दौड़ते हुये आया और बताया कि पप्पू साहू के घर छट्ठी कार्यक्रम में श्रवण साहू और मुन्नू खान के बीच झगड़ा विवाद हो रहा है। मौके पर जाकर देखा तो श्रवण साहू को मुन्नू खान, रिंकू खान, अकबर खान, असरफ खान, सलमान खान, खिजाम खान, सहाजद खान मिलकर लात - घूंसे और डंडे से मारपीट कर रहे थे। जब उसने छुड़ाने का प्रयास किया तो रिंकू खान पीछे से पकड़ा और मुन्नू खान मेरी हत्या करने के नियत से चाकू निकालकर पेट में ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसी बीच पीछे से भी किसी ने डण्डा से सिर में मारा जिससे वह जमीन पर गिया गया। इसके बाद उसके ऊपर हमला करने वाले सभी लोग भाग निकले। आरोपियों ने एक राय होकर श्रवण साहू और मेरी हत्या करने के नियत से चाकू से मारपीट कर चोंट पहुंचाए हैं। युवक के रिपोर्ट पर सरकंडा थाने में अपराध क्रमांक 192/2025 धारा 109, 191(2), 191(3), 190 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभरता को देखते हुये घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भापुसे) को दी गई।

## रात में काफिले में निकलीं दिल्ली सीएम आतिशी कार्यकर्ता की पुलिस से झड़प

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) दिल्ली विधानसभा चुनाव का प्रचार खत्म हो चुका है बुधवार को वोटिंग होनी है। इसके पहले दिल्ली में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है। सीएम आतिशी ने पहले रमेश बिधूड़ी और उनके बेटों पर आरोप लगाया। दिल्ली पुलिस ने बीती रात गोविंदपुरी में हुए हंगामे को लेकर सीएम आतिशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसकी जानकारी खुद सीएम ने दी है। पुलिस ने आतिशी पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आतिशी अपने काफिले से रात में निकली थीं, प्रचार खत्म होने पर ऐसा करना संभव नहीं है। यह आचार संहिता का उल्लंघन है। पुलिस ने जब इस दौरान वीडियो बनाया तो आतिशी के समर्थकों ने विरोध किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। दिल्ली पुलिस ने आतिशी के कार्यकर्ता के खिलाफ भी एफआइआर दर्ज कर ली है। दिल्ली पुलिस ने दो मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मामला आतिशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का दर्ज हुआ है। दूसरा आतिशी के समर्थकों के खिलाफ हुआ है, क्योंकि उन्होने पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की और इलेक्शन कमीशन के सदस्य बनकर रमेश बिधूड़ी के भतीजो का रास्ता रोका था। रमेश बिधूड़ी के भतीजे के खिलाफ भी पुलिस ने कलंदरा (एनसीआर) दर्ज की है। आतिशी ने केस दर्ज होने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा कि चुनाव आयोग भी ग़ज़ब है! रमेश बिधूड़ी जी के परिवार के सदस्य खुले-आम आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं।

## जनता का विश्वास~ डायलिसिस के बाद भी दीप्ति दुबे को आशीर्वाद देने पहुंची महिला

रायपुर 4 फरवरी (निस) नगर निगम चुनाव ने जोर पकड़ लिया है और प्रत्याशी अपने-अपने वादों और योजनाओं के साथ जनता के बीच पहुंच रहे हैं। इस चुनावी माहौल में एक दिल छूने वाला और भावुक दृश्य सामने आया, जो चर्चा का विषय बन गया। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे जब अपने चुनाव प्रचार के तहत भाटागांव पहुंची, तो रावतपुरा कॉलोनी की रहने वाली राजेश्वरी शर्मा ने उन्हें आशीर्वाद देने के लिए दौड़ते हुए पहुंचने का निर्णय लिया। राजेश्वरी शर्मा किडनी पेशेंट हैं और हाल ही में डायलिसिस कराकर घर लौटी थीं। इसके बावजूद, जब उन्हें पता चला कि दीप्ति दुबे उनके इलाके में चुनाव प्रचार करने आई हैं, तो उन्होंने किसी की न सुनी और स्वास्थ्य की परवाह किए बिना आशीर्वाद देने उनके पास पहुंच गईं। दिलचस्प बात यह रही कि उनका एक हाथ से ब्लड भी बह रहा था, लेकिन फिर भी उन्होंने दीप्ति दुबे को जीत की शुभकामनाएं देने का मन बना लिया। राजेश्वरी ने बताया, मेरे परिवार ने मुझे बाहर जाने से मना किया था, लेकिन दीप्ति दुबे की समाज सेवा, सरलता और सहजता से मैं इतनी प्रभावित हुई कि मैं आशीर्वाद देने के लिए जरूर पहुंची। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि दीप्ति दुबे के प्रति जनता में अपार श्रद्धा और समर्थन है। उनके चुनाव प्रचार में इस तरह के व्यक्तिगत और भावुक समर्थन ने चुनावी माहौल को और भी गर्मा दिया है। दीप्ति प्रमोद दुबे का यह समर्थन न केवल उनके चुनावी अभियान के लिए एक ताकतवर संदेश है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि उनकी कार्यशैली और जनता के बीच उनके संबंध कितने गहरे हैं।

## एनआईए ने कांकेर में नक्सलियों से जुड़े चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

कांकेर 4 फरवरी (निस) नक्सलवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कड़ी कार्रवाई जारी है, और अब इसमें राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) भी सक्रिय हो गया है। ताजा घटनाक्रम में एनआईए की टीम ने कांकेर जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए के सूत्रों के अनुसार, टीम ने कलमुच्चे से दो, उसेली से एक और आमाबेड़ा से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपी नक्सल गतिविधियों से जुड़े हुए हैं और उनके खिलाफ पहले से मामले दर्ज हैं। यह कार्रवाई एनआईए द्वारा चलाए गए विशेष अभियान का हिस्सा है, जो नक्सलियों के खिलाफ की जा रही गंभीर मुहिम के तहत की गई है। यह पहली बार नहीं है जब एनआईए की टीम इस क्षेत्र में पहुंची है, इससे पहले भी कई बार एनआईए ने कांकेर और आसपास के इलाकों में दबिश दी थी।

## कांग्रेस में कम होगी प्रकोष्ठों की संख्या, प्लान तैयार, जल्द होगा ऐलान

भोपाल 4 फरवरी (निस) मध्यप्रदेश कांग्रेस इस वक्त बदलाव के दौर से गुजर रही है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए लगातार फैसले लिए जा रहे हैं। ग्राम प्रमुख से लेकर मोहल्ला प्रमुख कांग्रेस बनाए जा रहे हैं। लेकिन इस सबके बीच पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और उनकी टीम संगठन में एक और बड़ा बदलाव करने जा रही है। कमलनाथ के पीसीसी चीफ रहते हुए बनाए गए प्रकोष्ठों को अब कम करने की तैयारी की जा रही है। इसका ब्लू प्रिंट तैयार हो चुका है, जल्द ऐलान कर दिया जाएगा। कमलनाथ ने एमपी पीसीसी चीफ रहते हुए करीब 40 से 50 प्रकोष्ठ बनाए थे, जिसमें किसान, खेल, मैकेनिक के अलावा अलग-अलग समाज के प्रकोष्ठ शामिल हैं। अब कांग्रेस अलग-अलग समाज के प्रकोष्ठ को एक करने की तैयारी कर रही है। वहीं अलग-अलग धर्मों को लेकर बनाए गए प्रकोष्ठ को भी एक कर दिया जाएगा। इसके अलावा कई प्रकोष्ठों को खत्म किया जाएगा और कुछ को दूसरों में मिलाया जाएगा। इसकी रूपरेखा बनाकर तैयार कर ली गई है।

**संगठन मजबूती पर ज्यादा फोकस**

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का इस वक्त सबसे ज्यादा फोकस संगठन को मजबूता का है। इसको लेकर वो लगातार वर्क करने में जुटे है। इन्हीं के तहत उनकी तरफ से ऐलान किया गया था कि मोहल्ला कमेटी और ग्राम कमेटी बनाई जाएगी। मोहल्ला कमेटी के सदस्यों को 20-20 घर दिए जाएंगे। वहीं ग्राम कमेटी में भी इसी तरह से काम किया जाएगा। पूरी रणनीति यही है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचे और उनकी विचारधारा बताई जाए।

## सेठिया ज्वेलर्स पर इनकम टैक्स का छापा, दस्तावेजों की गहन जांच जारी

धमतरी 4 फरवरी (निस) जिले के प्रतिष्ठित सेठिया ज्वेलर्स पर इनकम टैक्स (ड्ड्ढ) विभाग ने छापा मारा है। टैक्स चोरी की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे रायपुर पासिंग की चार गाड़ियां दुकान पहुंचीं, जिनमें 12 से 13 अधिकारी मौजूद थे। इन अधिकारियों में महिला अफसर भी शामिल थीं। इनकम टैक्स की टीम ज्वेलरी शॉप के साथ-साथ संबंधित व्यक्तियों के घरों पर भी छानबीन कर रही है। कुछ अधिकारी दुकान में दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं, जबकि कुछ निवास स्थल पर छानबीन में जुटे हैं।

# विटामिन बी3 से आँखों में ग्लॉकोम का खतरा कम होता है

पानी में विटामिन बी3 डालने से आंख की रोशनी कम होने की बीमारी ( ग्लॉकोम) के खतरे को कम किया जा सकता है। इससे आंखें स्वस्थ रहती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इलाज के लिए आंखों में बार-बार ड्रॉप्स डालना महंगा पड़ता है। वहीं, पानी में विटामिन बी3 डालकर पीना सुरक्षित और सस्ता तरीका है। बुजुर्गों के लिए हर रोज़ आंखों में दवाई डालना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में यह उपचार उनके लिए आसान है।





पूरी दुनिया में करीब 80 मिलियन लोग ग्लॉकोम से पीड़ित हैं और आईड्राप्स पर निर्भर रहते हैं। यह बीमारी आंखों में एक्स्ट्रा प्रेशर के कारण होती है, क्योंकि इसमें नर्व्स डैमेज हो जाती हैं। फैमिली हिस्ट्री या डायबिटीज़ के कारण, ग्लॉकोम होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसका ट्रीटमेंट आईड्रॉप्स हैं, जो सभी को सूट नहीं करते, और आंखों में जलन भी पैदा करते हैं। गंभीर मामलों में मरीज़ की सर्जरी या लेज़र थेरेपी करनी पड़ती है। ग्लॉकोम के लक्षण-आंख में दर्द, उल्टी, आंख का लाल होना आदि। अचानक से आंख की रोशनी कम होना भी इस बीमारी का संकेत है। वैसे तो इस बीमारी को ठीक करना मुश्किल है, लेकिन कुछ तरीके अपनाने से ऐसा ज़रूर हो सकता है कि आंखों की रोशनी ज़्यादा कम न हो। इसके लिए पहले तो इस बीमारी को पहले स्टेज में ही पकड़ लेना ज़रूरी है, क्योंकि इसमें रोशनी कम होने की प्रक्रिया बेहद धीमी रहती है। आंखों में दबाव को कम करने के प्राकृतिक तरीके।

अपनी जीवनशैली में कुछ ऐसे बदलाव करके जिनसे की आपका ब्लड प्रेशर कम हो, आंखों के दबाव को भी कम करता है। इस उपचार का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। अपने इंसुलिन लेवल को कम करें। जैसे आपका इंसुलिन का स्तर बढ़ता है, यह आपके रक्तचाप का कारण बनता है, और इससे आपकी आंखों पर दबाव भी बढ़ता है। समय के साथ आपका शरीर इंसुलिन प्रतिरोधी बन जाता है। यह उन लोगों को ज़्यादा होता है, जो डायबिटीज़, मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज़ हैं। इसका समाधान यह है कि आपको अपनी डाइट में चीनी और अनाज कम करना होगा। अगर आपको ग्लॉकोम है या इसके बारे में चिंतित हैं, तो आप ये सब खाने से बचें-ब्रेड, पास्ता, चावल, अनाज और आलू।

नियमित रूप से व्यायाम करें- इंसुलिन के स्तर को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है व्यायाम, जैसे- एरोबिक्स और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग। इससे इंसुलिन लेवल कंट्रोल में रहता है और आंखों की रोशनी भी बचाई जा सकती है।

ओमेगा -3 फैट सप्लीमेंट- इसे लेने से भी इस बीमारी को दूर रखा जा सकता है। डीएचए नामक ओमेगा -3 फैट आंखों के स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा है। यह आंखों की रोशनी नहीं जाने देता। डीएएच सहित ओमेगा -3 फैट, मछली में पाए जाते हैं, लेकिन विशेषज्ञ मछली न खाने की राय देते हैं। उनके मुताबिक इस फैटी एसिड का सबसे अच्छा स्रोत है क्रिल ऑयल ।हरी सब्जियां खाएं- ल्यूटिन और ज़ेकैक्थिन से आंखों की रोशनी बढ़ती है। ल्यूटिन हरी, पत्तेदार सब्जियों में विशेष रूप से बड़ी मात्रा में पाया जाता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट है और आंखों के सेल्स को खराब होने से बचाता है। साग, पालक, ब्रोकोली, स्प्राउट्स और अंडे के पीले भाग में भी ल्यूटिन होता है लेकिन ध्यान रहे कि ल्यूटिन ऑयल में घुलता है। इसलिए इन हरी सब्ज़ियों के साथ थोड़ा ऑयल या बटर खाना भी ज़रूरी है।



अंडे का पीला भाग न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है, लेकिन इसे पकाते ही इसके सारे पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। इसलिए एक्सपर्ट्स सनी साइड अप खाने की सलाह देते हैं। ट्रांस फैट से बचें ट्रांस फैट को भी अपनी डाइट में कम करें। इससे भी आंखों की रोशनी जाने का खतरा बढ़ सकता है। ट्रांस फैट पैकेज्ड फूड्स, बेक्ड फूड्स और फ्राइड फूड्स में पाया जाता है।

**बच्चों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचायें**

छोटे बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बड़ों की तरह पूरी तरह विकसित नहीं होती। इस वजह से यदि उनको बिमारियों से नहीं बचाया जाये तो उनका शरीर आसानी से किसी भी बीमारी से ग्रसित हो सकता है। लेकिन भारतीय सभ्यता में बहुत प्रकार के घरेलू नुस्खें हैं जिनका इस्तेमाल कर के बच्चों को बिमारियों से बचाया जा सकता है, विशेष करके बदलते मौसम में होने वाले बिमारियों से, जैसे की सर्दी। सर्दी और खांसी से बच्चों को परेशान देखना किसी भी माँ बाप के लिए बेहद तकलीफ बात है। सर्दी की वजह से अगर बच्चे का नाक बंद है तो वह रोयेगा। सर्दी जुकाम एक आम बीमारी यह। यह कोई चिंता का विषय नहीं है। ना ही यह कोई गंभीर बीमारी है। शिशु विशेषज्ञों के अनुसार बच्चे प्रथम दो सालों में औसतन 8 से 10 बार सर्दी जुकाम से ग्रसित होते हैं। सर्दी जुकाम के विषाणु हाथ से हाथ के संपर्क से फैलते हैं और सर्दी जुकाम से ग्रसित व्यक्ति के छींकने से हवा के द्वारा भी फैलते हैं। सर्दी जुकाम के लक्षण,101 तक बुखार चढ़ना,गले में खराश,आखें लाला होना, बंद नाक या बहती नाक,भूख न लगना, गर्दन में सूजन, कान में दर्द,खांसी, चिड़चिड़ापन और बेचैनी। इसमें सर्दी से बचाव ही सबसे बेहतरीन इलाज है। कुछ चीज़ों का अगर आप ख्याल रखें तो आप अपने बच्चे को सर्दी जुकाम से बचा सकती हैं।

# टीबी संक्रमण वाली जानलेवा बीमारी, समय पर इलाज कराएं

टीबी एक संक्रमण वाली जानलेवा बीमारी है पर इसका इलाज संभव है। जैसे ही जानकारी मिले इसका इलाज करायें। अगर खांसी दो सप्ताह से ज्यादा चले तो जांच जरुर करायें। टीवी का इलाज पूरी तरह संभव है इसलिए घबरायें नहीं। जागरुकता की कमी के कारण देश में टीबी के मामले बढ़ते जा रहे हैं हालांकि इसके लिए बढ़ता हुआ प्रदूषण भी जिम्मेदार है। टीबी से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आने के बावजूद, इसका उन्मूलन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। पहचान, निदान और उपचार दरों में तत्काल सुधार करने के लिए, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भागीदार देशों ने 2022 तक टीबी वाले 4 करोड़ लोगों को गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए एक नई पहल शुरू की है। यह अनुमान लगाया गया है कि कम से कम 3 करोड़ लोगों को इस अवधि के दौरान टीबी निवारक उपचार तक पहुंचने में सक्षम होना चाहिए।




टीबी की रोकथाम और इलाज है संभव

डब्ल्यूएचओ के अनुसार टीबी की रोकथाम संभव है हालांकि, टीबी की देखभाल में प्रगति के बावजूद, भारत में टीबी रोग में कमी नहीं आयी है।

फैलने से रोकने के लिए प्रारंभिक पहचान है जरूरी

भारत ने टीबी से मुक्त होने के लिए 2025 की समय सीमा निर्धारित की है। हालांकि टीबी को रोकने और नियंत्रित करने के लिए एक मिलाजुला प्रयास है, जबकि टीबी के नियंत्रण में डॉक्टर प्रमुख हितधारक हैं। टीबी का नियंत्रण प्रारंभिक पहचान पर निर्भर करता है, जिसका अर्थ है टीबी को आगे फैलने से रोकने के लिए प्रारंभिक और बेहतर उपचार। संक्रामक टीबी वाले मरीजों के सभी घरों और घनिष्ठ संपर्कों का पता लगाया जाना चाहिए। यदि टीबी होने पर एटीटी के पूर्ण कोर्स के साथ जांच होती है और उनका इलाज किया जाना चाहिए। अधिकांश डॉक्टर नियमित रूप से टीबी के कई रोगियों का इलाज करते हैं।

टीबी संक्रमण रोकने के उपाय

छींकने, खांसने या मुंह या नाक छूने के बाद अपने हाथ धोएं।

खांसने, छींकने या हंसते समय अपने मुंह को टिश्यू से ढकें।

प्लास्टिक के थैले में इस्तेमाल किए हुए टिश्यू रखकर सील करें और फेंक दें।

बीमारी के दौरान कार्यस्थल या स्कूल न जाएं।

दूसरों के साथ घनिष्ठ संपर्क से बचें।

परिवार के सदस्यों से दूर किसी दूसरे कमरे में सोएं।

नियमित रूप से अपने कमरे को वेंटिलेट करें। टीबी छोटी और बंद जगहों में फैलती है। बैक्टीरिया युक्त हवा को हटाने के लिए खिड़की में एग्जहॉस्ट फैन लगाएं।

# प्रोटीन का करें पर्याप्त सेवन

शरीर के बेहतर विकास के लिए प्रोटीन का भरपूर मात्रा में सेवन करें। प्रोटीन की कमी से शरीर में कई प्रकार के रोग लग जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि शरीर के अच्छे विकास के लिए प्रोटीन के सेवन पर जरूर ध्यान देना चाहिए पर इसकी अधिकता भी नुकसान देह है, इसलिए सही मात्रा लेना जरुरी है।

प्रोटीन युक्त आहार का कितनी मात्रा में सेवन करना चाहिए, इसे जानने के कई तरीके हैं। आजकल फिटनेस एप्लिकेशन मौजूद हैं, जो आपको प्रोटीन के सेवन की मात्रा संबंधी जानकारी दे सकते हैं।




प्रोटीन का सेवन करने का संबंध स्वस्थ व संतुलित आहार के सेवन से हैं। आहार विशेषज्ञ का कहना है कि प्रोटीन एक बेहद जरूरी अवयव है, जिसका सेवन सभी के लिए जरूरी है, क्योंकि यह शरीर के उत्तकों की मरम्मत करने और उनका पुनर्निमाण करने में सहायक होता है, जबकि प्रोटीन का बहुत ज्यादा सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी साबित हो सकता है। प्रोटीन के सेवन के साथ ही अन्य पोषक तत्वों के सेवन पर भी ध्यान दें, जो आमतौर पर शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए जरूरी होते हैं। प्रोटीन युक्त आहार का बहुत ज्यादा मात्रा में सेवन करने से वजन बढ़ने की संभावना होती है, इसलिए संतुलित मात्रा में ही इसका सेवन करें। बहुत ज्यादा प्रोटीन युक्त आहार लेने से पाचन में दिक्कत हो सकती है, जिससे कब्ज और डायरिया जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।




# जान का दुश्मन बन सकता है अधिक स्ट्रेस, बचाव करें

काम और लाइफस्टाइल के कारण स्ट्रेस हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। आए दिन हमें किसी न किसी बात को लेकर स्ट्रेस रहता ही हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि लंबे समय तक तनाव में रहने के कारण आपके दिल पर क्या असर पड़ता है? ज्यादा स्ट्रेस के कारण हार्ट अटैक का रिस्क काफी बढ़ जाता है। आइए जानें कैसे। तनाव के कारण हमारे दिल पर काफी बुरा असर पड़ सकता है। ज्यादा स्ट्रेस की वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है।

क्रॉनिक स्ट्रेस के कारण हार्ट अटैक का भी रिस्क बढ़ जाता है।

लाइफस्टाइल डेस्क, नई दिल्ली। श्व×ष्द्गह्यह्यद्ध1द्ग स्ह्लह्द्गह्यह्य ॥द्गड्डह्ल ऋद्धह्यद्म- तनाव हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन चुका है। यह एक फिजिकल और मेंटल रिएक्शन है, जो तब होता है जब हम किसी चुनौती या खतरे का सामना करते हैं।

यह तनाव धीरे-धीरे हमारे दिल को नुकसान पहुंचाने लगता है और लंबे समय तक स्ट्रेस की वजह से हार्ट अटैक का रिस्क भी काफी बढ़ जाता है। आइए जानें इस बारे में।



क्या तनाव दिल के दौरे का कारण बन सकता है?

हां, तनाव दिल के दौरे का एक अहम कारण बन सकता है। जब हम तनाव में होते हैं, तो हमारा शरीर कुछ हार्मोन रिलीज करता है, जैसे कि एड्रेनालाईन और कोर्टिसोल। ये हार्मोन हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर को बढ़ाते हैं और वे ब्लड वेसल्स को कॉन्स्ट्रिक्टभी कर सकते हैं।

समय के साथ, ये हार्ट अटैक के रिस्क को बढ़ा सकते हैं।

तनाव हार्ट अटैक का कारण कैसे बनता है?

तनाव कई तरह से हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। सबसे पहले, यह ब्लड प्रेशर और हार्ट रेट को बढ़ाता है, जिससे दिल पर ज्यादा दबाव पड़ता है।

यह ब्लड वेसल्स को कॉन्स्ट्रिक्ट कर सकता है, जिससे दिल में खून का फ्लो कम हो जाता है।

यह खून के थक्के बनने की संभावना को बढ़ा सकता है, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है।

तनाव अनहेल्दी लाइफस्टाइल को बढ़ावा दे सकता है, जैसे कि स्मोकिंग, शराब पीना और अनहेल्दी खाना खाना। ये सभी फैक्टर हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

तनाव के लक्षण कैसे होते हैं?

तनाव के दो प्रकार होते हैं- एक्यूट स्ट्रेस और क्रोनिक स्ट्रेस। एक्यूट स्ट्रेस कम समय का होता है और किसी खास घटना या कंडीशन के कारण होता है। क्रोनिक स्ट्रेस लंबे समय तक रहता है और यह लगातार चुनौतियों या प्रेशर के कारण होता है। तनाव के कई लक्षण हो सकते हैं, जैसे कि-

एंग्जायटी

चिड़चिड़ापन

गुस्सा उदासी निराशा नींद न आना

थकान सिरदर्द

मांसपेशियों में तनाव

पेट खराब होना

हार्ट अटैक के लक्षण कैसे होते हैं?

सीने में दर्द या दबाव

सांस लेने में तकलीफ बांह, जबड़े या पीठ में दर्द

पसीना आना

मतली चक्कर आना

तनाव से कैसे बचें?

हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं

नियमित रूप से एक्सरसाइज करें

हेल्दी खाना खाएं

पूरी नींद लें

अपनी हॉबीज के लिए समय निकालें

सोशल एक्टिविटीज में हिस्सा लें

आराम करने के लिए समय निकालें

अगर आपको तनाव से निपटने में कठिनाई हो रही है, तो किसी डॉक्टर या थेरेपिस्ट से बात करें।

# कैंसर जोखिमों को परास्त करने में योग हो सकता है सहायक

**- ललित गर्ग**

**( विश्व कैंसर दिवस- 4 फ़रवरी, 2025 )**

कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व कैंसर दिवस दुनिया के हर कोने में कैंसर की रोकथाम, कैंसर के लक्षणों की पहचान और इलाज के प्रति जागरूकता लाने एक महत्वपूणज़् दिन है, इस दिवस को मनाने की शुरुआत साल 2000 में पेरिस में हुई थी। 4 फ़रवरी 2000 को पेरिस में 'वल्डज़् समिट अगेंस्ट कैंसर' कायज़्क्रम का आयोजन कर इस दिवस को मनाने की शुरुआत हुई। अंतराज़्ष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ हर साल एक खास थीम पर वल्डज़् कैंसर डे मनाता है। यह खास थीम लोगों को जागरूक करने और कैंसर के खिलाफ वैश्विक कारज़्वाई को प्रेरित करने के लिए बनाई जाती है। साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनीक' रखी गई है। इस थीम को रखने का उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि कैंसर न सिर्फ इलाज से बल्कि लोगों के आत्मविश्वास एवं मनोबल से जीतने वाली एक लड़ाई है, जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। 'मैं हूँ और मैं करूँगा' जो व्यक्तियों से कैंसर के खिलाफ लड़ाई के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बनाने का आह्वान करता है। मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निमाज़्ण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर से करीब 9.7 मिलियन लोगों की मौत हुई थी, साल 2040 तक, कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 15.3 मिलियन होने का अनुमान है।



दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए। दुनियाभर में विभिन्न आय, आयु, लिंग, जातीयता आदि के समूहों की आबादी द्वारा सामना की जाने वाली कैंसर देखभाल सेवाओं तक पहुंच में अंतर को खत्म करना अपेक्षित है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा, मनोबल एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है और ऐसा होते हुए देखा भी जा रहा है।

हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं। अक्सर वही लोग खतरे में पड़ते हैं, जो खुद को खतरे में महफूज समझते हैं या खतरे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

हाल के वषोज़्ं में हासिल किए गए महत्वपूणज़् कैंसर अनुसंधान मील के पत्थर को साबित हुए हैं और क्षितिज पर आशाजनक नैदानिक विकास का पता लगाया है। पिछले कुछ सालों में विज्ञान ने कैंसर के प्रकारों, कारणों और उपचारों में काफी विकास किया है एवं इस बीमारी से लड़ने एवं इसे परास्त करने में सफलता पाई है। ऐसे तमाम आम और सेलिब्रेटी हैं, जिन्होंने कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज करवाकर जीवन का सुख प्राप्त कर रहे हैं। इस दिशा में और भी जागरूकता और सतकज़्ता बढ़ाने की जरूरत है। कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन इसका इलाज स्टेज 1 या स्टेज 2 में पता लग जाने और तुरन्त ऑपरेशन करके निकाल देने से संभव है। इन वषोज़्ं में अनेक प्रभावी दवाइयों एवं इलाज प्रक्रियाएं भी सामने आयी है जैसे- टागेटज़्ेड थेरेपी है, इम्यूनो थेरेपी है। उससे लोगों को काफी आराम मिलता है। उससे अनेक लोगों का खतरा पूरी तरह या कुछ मात्रा में कम हुआ एवं जीवन में कुछ वषज़् बढ़े हैं। कैंसर ठीक होने के सवाल में एक और बात बताना जरूरी हो जाता है कि कैंसर एक लाइफस्टाइल बीमारी भी है। इसलिये जीवन को संतुलित एवं संयममय बनाकर इस बीमारी को कम किया जा सकता है। आप कैसे रहते हैं, क्या खाते हैं, क्या आपकी आदतें हैं, क्या आपकी बुरी आदतें है, उसपर भी निभज़्र करता है। लाइफस्टाइल और आहार को पौष्टिक रखने के साथ शराब-धूम्रपान को छोड़कर योग, ध्यान एवं साधना के माध्यम से कैंसर के खतरे से बचाव किया जा सकता है। कैंसर विश्वभर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पयाज़्वरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपकज़् के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सवाज़्इकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है। कैंसर को नियंत्रित करने में भारतीय योग, आयुवेज़्द एवं अध्यात्म की महत्वपूणज़् भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जो पूरे शरीर, मन और आत्मा में ऊजाज़् के संतुलन और प्रवाह को पुनस्थाज़्पित करती है। जिस प्रकार दवाई हमारे शरीर के अंदर जाकर बीमारी को ठीक करती है, ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक इलाज हमारे मन को मजबूत बना कर किसी भी बीमारी से लड़ने की हिम्मत देता है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊजाज़् भर देता है। अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे- योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को भीतर से मजबूत बना सकता है।

## सैलरी पर एलटीसी ब्लॉक ईयर 2024-27 का लिंक खुलवाने के लिए हरियाणा लेक्चरर एसोसिएशन ने निदेशक के नाम सौंपा ज्ञापन



**कलायत, 4 फरवरी ( सूबे सिंह ) :** कलायत में ई-सैलरी पर एलटीसी के ब्लॉक ईयर 2024-27 का लिंक खुलवाने के लिए हरियाणा लेक्चरर एसोसिएशन खंड प्रधान ईश्वर बड़सीकरी के नेतृत्व में निदेशक शिक्षा के नाम खंड शिक्षा अधिकारी कलायत को एक ज्ञापन सौंपा। ईश्वर बड़सीकरी और महासचिव सुनील खुमरा ने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत हर कर्मचारी को चार साल के ब्लॉक ईयर में एक एलटीसी जारी करता है। इस बार भी विभाग ने एलटीसी के लिए ब्लॉक ईयर 2024-27 के लिए आवेदन मांगे थे। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विभाग के काफी कर्मचारियों ने आवेदन किया। इन्हें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृत कर लिया गया। एलटीसी केस जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए जाने के उपरांत शिक्षा विभाग हरियाणा ने बजट भी जारी कर दिया। लेकिन ब्लॉक ईयर का लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी ई-सैलरी पर एलटीसी ब्लॉक ईयर 2024-27 का लिंक नहीं दिया गया है। इसके चलते बिल नहीं बन पा रहे हैं। शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों में आशंका है कि एलटीसी के लिए जारी किया गया बजट लेप्स न हो जाए। इसको देखते हुए हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने शिक्षा निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा है। इसमें ई-सैलरी पर एलटीसी लिंक खुलवाने की मांग मुख्य रूप से शामिल है। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन कलायत के महासचिव सुनील खुमरा, सतीश मौण, सुभाष शास्त्री, प्रशांत गौतम, सतबीर ढुल, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, धीर सिंह, पहलवान सिंह और अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

# तरावड़ी अनाज मंडी में खड़े ट्राले में लगी भीषण आग, बुजुर्ग चौकीदार ने लाठी मार-मारकर जगाया ड्राइवर, बाल-बाल बची जान

**तरावड़ी, 4 फरवरी ( छाया शर्मा ) :** तरावड़ी अनाज मंडी में देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पीएनबी बैंक के पास खड़े एक ट्राले में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी भयानक हो गई कि पूरा केबिन धूं-धूं कर जल उठा। ट्राले में ड्राइवर सो रहा था, लेकिन गनीमत रही कि वहां मौजूद 75 साल के चौकीदार ने बहादुरी दिखाई और लाठी मार-मारकर ड्राइवर को जगाया, जिससे उसकी जान बच गई। अगर थोड़ी भी देरी हो जाती तो बड़ा धमाका हो सकता था।



सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। रविवार देर रात चौकीदार ओमप्रकाश को ट्राले के नीचे से धुआं उठता दिखा। जब उन्होंने ध्यान दिया तो आग तेज होने लगी थी। उसी वक्त उन्होंने देखा कि ट्राले में ड्राइवर गहरी नींद में सो रहा था। बिना वक्त गंवाए उन्होंने ट्राले के दरवाजे पर जोर-जोर से लाठी मारनी शुरू कर दी और ड्राइवर को जगाया। पहले तो ड्राइवर कुछ समझ नहीं पाया, लेकिन जैसे ही उसने नीचे झांककर देखा, उसके होश उड़ गए। ट्राले के नीचे आग भड़की हुई थी और वह अगर वक्त रहते बाहर नहीं आता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। ड्राइवर के बाहर आते ही ट्राले के केबिन ने आग पकड़ ली और कुछ ही मिनटों में पूरा केबिन जलकर राख हो गया। चौकीदार ओमप्रकाश ने बताया कि अगर आग डीजल टैंक तक पहुंच जाती तो बड़ा ब्लास्ट हो सकता था और आसपास खड़े कई और वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे। लेकिन गनीमत रही कि समय रहते ड्राइवर बाहर आ गया और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तरावड़ी थाना प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि ट्राले में आग कैसे लगी, इसकी अभी जांच की जा रही है। शुरूआती अनुमान के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो सकती है। हालांकि, मामले की जांच जारी है।

## विधानसभा अध्यक्ष के प्रयास लाए रंग

*राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम होगा देवी अहिल्या होल्कर विद्यालय*



**घरौंडा, 4 फरवरी ( नरेंद्र लाठर ) :** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के प्रयास आखिरकार रंग लाए और घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर विद्यालय रखा जाएगा। इस संबंध में हरियाणा के विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि क्षेत्र की यह लंबे समय से मांग थी कि विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर रखा जाए। विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से यह संभव हुआ है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय का आदेश जारी होने पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने समस्त विधानसभावासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर रखे जाने के आदेश जारी हुए हैं। हमारे महापुरुष सदा से हमारे आदर्श रहे हैं। देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर विद्यालय का नामकरण होना बेहद खुशी की बात है। यह निश्चित रूप से हमें और आने वाली युवा पीढ़ी को प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वासियों की भी यह लंबे समय से मांग थी, उन्हें इस बात की बेहद खुशी है।

## थाना गुहला पुलिस द्वारा नशा तस्कर 2.35 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**कैथल, 4 फरवरी ( प्रवेश बहादुर ) :** एक तरफ जहां पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत सोमवार को थाना गुहला पुलिस द्वारा गुहला क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 2.35 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला पुलिस प्रभारी एसआई रामपाल सिंह की अगुवाई में एएसआई विकास कुमार की टीम शाम के समय गश्त दौरान नजदीक सरकारी अस्पताल गुहला क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि एक लड़का बाइक पर सवार होकर चीका से नहर के रास्ते से गुहला की तरफ आ रहा हैं। जिसके पास अवैध असला मिल सकता हैं। जिसको नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। पुलिस द्वारा तत्पर कार्रवाई करते हुए नजदीक सरकारी अस्पताल गुहला के पास नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद बाइक पर आए संदिग्ध लड़के को पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया। जिससे पूछताछ उपरांत अपना नामपता डेरा भाग सिंह निवासी प्रदीप कुमार बताया। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संदिग्ध की ली गई तलाशी दौरान उसके कब्जे में एक पन्नी से 2.35 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज करके आरोपी को थाना से मौके पर पहुंचे एएसआई रामचंद्र द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।



## समाधान शिविरों में नागरिकों की शिकायतों किया जाता है शीघ्र समाधान : एडीसी राहुल मोदी

**फतेहाबाद, 4 फरवरी ( ब्यूरो ) :** सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा रहा है। मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर एक शिकायत का समाधान किया गया जबकि शेष समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों में नागरिक अपनी समस्याएं दे सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से जिला में समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन शिविर में मुख्यतया- जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि संबंधित समस्याएं सुनी जा रही हैं। उन्होंने समाधान में शिविर में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली समस्याओं का निवारण किया जाए। इस अवसर पर सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, कार्यकारी अभियंता सतीश देसवाल, एमएसएमई सहायक निदेशक गुरप्रताप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. लाजवंती गौरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




## समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर हुआ निपटारा

**करनाल, 4 फरवरी ( कादियान ) :** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। नीलोखेड़ी उपमंडल में 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वही घरौंडा, इंद्री, असंध उपमंडल में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुईं।

## स्वच्छता अपनाने से जल, वायु और भूमि प्रदूषण कम होता है, जिससे सभी को स्वच्छ और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर मिलता है : कृष्ण लाल

**बाबैन, 4 फरवरी ( राजेश कुमार ) :** जिला परिषद कुरुक्षेत्र के डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल ने रामसरन माजरा, बीड़ सुजरा व बिंट में कूड़ा-कचरा प्रबंधन शैडो, स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के शौचालय व मिड़ डे मिल का निरीक्षण किया। कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर व जिला परिषद के सीईओ विरेन्द्र चौधरी की दिशा निर्देशन में चल रहे इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने शैड़ों की प्रबंधन व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़ा निस्तारण प्रणाली को और प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाए।




उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधी और अधिकारी स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग से गंदगी की समस्याओं का समाधान करे। रामसरन माजरा, बीड़ सुजरा व बिन्ट में स्वच्छता को लेकर गांव वालों की पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कूड़ा निस्तारण में और सुधार करने की उम्मीद जताई। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में साफ-सफाई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को और बेहतर बनाया जाएगा। कृष्ण लाल ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई का ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का भी प्रतीक है। साफ-सुथरा वातावरण न केवल बीमारियों से बचाता है बल्कि समाज को भी सुंदर बनाता है। स्वच्छता अपनाने से जल वायु और भूमि प्रदूषण कम होता है, जिससे सभी को स्वच्छ और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन लगातार स्वच्छता अभियानों को बढ़ावा दे रहे हैं, लेकिन इसमें जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। यदि हर व्यक्ति सफाई का संकल्प ले और कूड़ा-कचरा उचित स्थान पर डाले, तो हमारा शहर और गांव दोनों स्वच्छ और सुंदर बन सकते हैं। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोहन लाल, रामसरन माजरा के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश, बिन्ट के सरपंच जसबीर पुनिया, बीड़ सुजरा के सरपंच प्रतिनिधि सुमित सैनी, कर्मवीर लोहड़, डिम्पल सैनी, बलैती राम, शशिकांत, रामस्वरूप के अलावा अनेक ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# आने वाले समय में इससे भी बड़े स्तर पर किया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन : धुमन सिंह

**पिहोवा, 4 फरवरी ( विवेक ) :** सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्स 29 जनवरी से 4 फरवरी तक उपमंडल पिहोवा में मनाया गया। बडे स्तर पर आयोजित इस महोत्सव का मंगलवार को भव्यता के साथ समापन हुआ। आने वाले समय में सरस्वती महोत्सव को और अधिक विस्तार के साथ मनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के समापन समारोह में सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि इस महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक मनाने का यह पहला प्रयास सफल रहा। लोग दूर-दूर से सरस्वती तट पर मां सरस्वती का आर्शीवाद लेने के लिए इस महोत्सव में पंहुचे। इसके अतिरिक्त गणमान्य व्यक्तियों के इस



महोत्सव में शिरकत करने से महोत्सव की शोभा में चार चांद लग गए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में दिन-रात मेहनत करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का धन्यवाद किया तथा उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस महोत्सव को इससे भी अधिक बडे स्तर पर मनाया जाएगा तथा इस बार जो कुछ एक कमियां आई, उन्हें दुरूस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती तीर्थ की साफ-सफाई तथा रख-रखाव व सौंदर्यकरण का कार्य लगातार चलता रहेगा। इसके अतिरिक्त 29 मार्च को लगने वाले चैत्र चैदस मेले की तैयारियां भी सरस्वती तीर्थ पर आरंभ कर दी जाएंगी। तीर्थ पर बाहर से आने वाले लोगों को कोई समस्या न हो, इसके भी इंतजाम पहले से ही कर दिए जांएगे। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी को लेकर जो भी कल्चर जहां भी है, उसे सरस्वती तीर्थ पर किसी न किसी तरीके से आमजन के समक्ष रखा जाएगा ताकि लोगों को सरस्वती नदी के बारे में सम्पूर्ण ज्ञान मिल सके। उन्होंने कहा कि सिलेक्टेड प्वायंट पर कैमरे लगातार चलते रहेंगे ताकि किसी भी असामाजिक गतिविधि को अंजाम न मिल सके। उन्होंने पुलिस विभाग से भी आग्रह किया कि वे कुछ सिपाहियों की डयुटी सरस्वती तीर्थ पर लगाए ताकि चोरी आदि के कार्यों पर रोक लगाई जा सके। इस मौके पर डीएसपी निर्मल सिंह, तहसीलदार विनती, सिंचाई विभाग के एससी अरविंद कौशिक, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि उप प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड सदस्य गुरविंदर सिंह मोरथली, खंड शिक्षा अधिकारी रामराज, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड एक्ससीएन जसतेज सिंह सैनी, उप मंडल अधिकारी विनोद, सतबीर केत्त, संदीप कुमार सुपरिंटेंडेंट, गुरप्रीत सिंह, डॉ सतीश सैनी, साधु राम सैनी पूर्व मण्डल अध्यक्ष, राजीव, हन्नु चक्रपाणि, बाबूराम मंडल अध्यक्ष, प्रिंस मंगला मंडल अध्यक्ष, उमाकांत शास्त्री स्टेज मास्टर, रोशन लाल, विक्कल चैबे सरपंच, अभिजीत, गेरी रंधावा, अमन विडलान सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं के समर्पण पर आधारित है भाजपा की सफलता : डा अशोक



**करनाल, 4 फरवरी ( सोनी दुआ ) :** संगठनात्मक दृष्टि से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर जिम्मेदारियां दी जा रही है। इसी कड़ी में करनाल के बूथ नंबर 33 की एक बैठक वार्ड नंबर 12 न्यू चार चमन में बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर के निवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें बूथ नंबर 33 की कार्यसमिति का गठन किया गया। इस बैठक में मुख्य तौर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं इस शक्ति केंद्र के पालक डा अशोक कुमार, शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश कश्यप, सह प्रमुख नंद लाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर बूथ नंबर 33 की कार्यसमिति में बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर ने बूथ पालक की जिम्मेदारी प्रदीप कुमार को एवं बी एल ए 2 की जिम्मेदारी अनिल पाहवा को दी। इसी प्रकार महिला मोर्चा का दायित्व ओम पति देवी, ओबीसी मोर्चा सुनील कुमार एवं एस सी मोर्चा का दायित्व प्रवीण कुमार को दिया गया। बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर ने कहा कि कार्यसमिति में शेष नियुक्तियां भी शीघ्र कर दी जाएंगी। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं शक्ति केंद्र पालक डा अशोक कुमार ने कार्यसमिति में शामिल सभी कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व के बारे जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की सफलता संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के समर्पण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमें पार्टी के मूलभूत सिद्धांतों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मंत्र को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना होगा।

इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश कश्यप एवं सह प्रमुख नंद लाल ने भी अपने विचार रखे।

## जिला सचिवालय में स्थित सभी कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण : पार्थ गुप्ता

**यमुनानगर, 4 फरवरी ( दिनेश कुमार ) :** नवनियुक्त उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्वच्छता अभियान के तहत जिला सचिवालय में स्थित सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को अलमारियों को समायोजित करने के निर्देश दिए, तारों को सेट करने, स्थापना शाखा, डीआरए शाखा, एचआरए शाखा, एफआरए शाखा, डीए शाखा, आरकेए शाखा आदि की अलमारियों की नम्बरिंग, लेबलिंग समूचित समायोजित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कार्यस्थल को स्वच्छ रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। उन्होंने अनावश्यक तारों एवं सामान को हटवाने अथवा स्टीकर लगवाने, पीने के पानी की समूचित व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई करने, अपने कार्यालय की साफ-सफाई करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि कार्य स्थल हमारा घर भी है इसे स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों से बात चीत की एवं उनके कामकाज का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वाटर फिल्टर को साफ रखे एवं संबंधित विभाग सचिवालय परिसर में स्थित अपने कार्यालय को साफ-सुथरा रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा, नगराधीश पीयुष गुप्ता, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, डीसी के पीए आनंद सब्बरवाल, जिला नाजिर संदीप सैनी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पार्थ गुप्ता ने यमुनानगर डीसी के पद पर सम्भाला कार्यभार

**यमुनानगर, 4 फरवरी ( दिनेश कुमार ) :** यमुनानगर के नवनियुक्त उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मंगलवार को यमुनानगर में उपायुक्त का कार्यभार संभाल लिया है। यमुनानगर जिला सचिवालय में पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा, एसडीएम जय प्रकाश, एसडीएम जसपाल सिंह गिल, सीईओ जिला परिषद वीरेंद्र सिंह ढुल, एसडीएम रोहित कुमार, नगराधीश पीयुष गुप्ता व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता इससे पहले अंबाला के उपायुक्त थे। उन्होंने सिरसा जिला के डीसी के पद पर भी कार्य किया और स्थान्तरण के बाद उन्होंने आज यमुनानगर के उपायुक्त का पदभार संभाल लिया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ लोगों को बेहतर तरीके से मिले, इसको ध्यान में रखकर कार्य किए जायेंगे। जिले में जो भी विकास कार्य एवं परियोजनाएं चल रही हैं उन्हें भी तेजी गति से करवाने का काम किया जायेगा।



## आर्य पब्लिक स्कूल कोयर में बसंत पंचमी के उपलक्ष में हवन यज्ञ का आयोजन

**नीलोखेड़ी, 4 फरवरी ( दर्शन शर्मा ) :** नीलोखेड़ी के कोयर स्थित नवयुग शिक्षा समिति द्वारा संचालित आर्य पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का उत्सव



बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे और अध्यापक सुबह से ही रंगबिरंगे वेशभूषा में नजर आए। सर्व प्रथम सोनू शास्त्री मोहड़ी जागीर द्वारा हवन यज्ञ करवाया गया और सभी अध्यापकों व बच्चों ने आहुति डाल कर मंत्रों का जाप कर पुण्य का लाभ लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विपिन शर्मा व नवयुग शिक्षा समिति अध्यक्ष महाबीर मैहला ने कहा कि बसंत पंचमी बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और इसे भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन मुख्य रूप से देवी सरस्वती से जुड़ा हुआ है, जिनका आशीर्वाद ज्ञान और बुद्धि के लिए मांगा जाता है। माना जाता है कि इस दिन उनकी पूजा करने से अज्ञानताऔर सुस्ती दूर होती है । उन्होंने कहा कि भगवान ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छींटा, जिससे देवी सरस्वती प्रकट हुईं। देवी सरस्वती ने वीणा बजाकर पूरे संसार में मधुर आवाज फैलाई और सृष्टि में जीवन का संचार हुआ। तभी से देवी सरस्वती को ज्ञान, संगीत और कला की देवी माना जाता है, और इस तिथि पर बसंत पंचमी मनाए जाने लगी। इस अवसर पर अध्यापक अध्यापिका संजय,दीपक,सुभाष कारसा, संध्या शर्मा, महक, तमन्ना, पूजा सरिता, रिंपल के साथ साथ सभी बच्चे शामिल रहे।

## सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी 7 दिन के पुलिस रिमांड पर

**कैथल, 4 फरवरी ( प्रवेश बहादुर ) :** सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल के एएसआई महेंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव बिराल जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव अलीपुरा जिला जींद रितु कि शिकायत अनुसार उसके दोनों भाई बेरोजगार थे। किसी के माध्यम से यूपी के जिला मुजफ्फरनगर गांव बिराल निवासी



रवि कुमार के साथ उनका संपर्क हुआ था। रवि ने अपना नाम रणदीप बताते हुए कहा था कि वह आर्मी में नौकरी करता है और उसके भाइयों को भी आर्मी में क्लर्क लगवा देगा। आरोपी ने अपना आई कार्ड उनके पास भेजा तो उन्हें विश्वास हो गया था। एक दिन रवि ने उन्हें गुहला क्षेत्र के गांव रामथली में बस स्टैंड पर बुलाया और पेमेंट को लेकर बातचीत की, जिसने अलग-अलग समय पर उनसे 19 लाख रुपए अकाउंट में जमा करवाए और 21 लाख रुपए नकद ले लिए। उनके पास इतने रुपए नहीं थे, इसलिए पिता ने अपना घर भी बेच दिया। घर बेचने के बाद भी रुपए पूरे नहीं हुए तो ब्याज पर रुपए लिए। पूरी पेमेंट लेने के बाद रवि ने उसके भाइयों के आर्मी क्लर्क के ज्वाइनिंग लेटर दे दिए। ज्वाइनिंग लेटर लेकर अम्बाला आर्मी कैंट गए तो लेटर फर्जी निकले। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया था। आरोपी का व्यापक पूछताछ के लिए न्यायालय से 7 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## महिलाओं और नौकरीपेशा लोगों को बजट में मिली राहत : पवन गर्ग

**लाडवा, 4 फरवरी ( रामगोपाल ) :** भाजपा नेता पवन गर्ग ने बजट को आम जनता के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि यह बजट गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस बजट से सभी वर्ग को लाभ पहुँचेगा। महिलाओं और नौकरीपेशा लोगों को बजट में बहुत राहत मिली है। पवन गर्ग ने हरियाणा



प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सांसद नवीन जिंदल का तहे दिल से धन्यवाद व आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि दोनों के प्रयासों की बदौलत कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है। यह कुरुक्षेत्रवासियों के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है। सांसद नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के विकास व उन्नति के लिए भरसक प्रयास कर रहे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जब कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद थे, तब उनके समय में ऐलिवेटेड ट्रैक बनना शुरू हुआ था। अब जब वह मुख्यमंत्री है तो संपूर्ण कार्य उनकी निगरानी में हो रहा है। मुख्यमंत्री और सांसद के अथक प्रयासों की बदौलत जल्द ही एलिवेटेड ट्रैक का कार्य पूरा हो जाएगा, जिससे शहर में लग रहे जाम से लोगों को राहत मिलेगी। नवीन द्वारा गरीब परिवारों और कन्याओं के लिए बहुत योजनाएं बनाई गई है।

## गऊओं की सेवा करने से मिलता है मन को सुकून : हरदीप राणा

**करनाल, 4 फरवरी ( संदीप रोहिला ) :** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मानवता जन शक्ति फाऊंडेशन की टीम ने गौकर्ण गऊ चिकित्सालय (बेसहारा गौवंश सेवार्थ) दनियालपुर नजदीक बुड्ढा खेड़ा करनाल में गौवंश के लिए सब्जियों का भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा और उनकी टीम ने पहुंचकर गऊओं की सेवा कर पुण्य प्राप्त किया। इसके लिए हरदीप राणा ने दिनेश गौकर्ण व उनकी समस्त टीम को बधाई दी और कहा कि उनके द्वारा जो यहां पर गौवंश के रख-रखाव की व्यवस्था की गई है वह बहुत ही प्रशंसनीय है। क्योंकि गौवंशों की सेवा करने से जहां पुण्य की प्राप्ति होती है वहीं अपने द्वारा किया गया सेवा भाव का कार्य मन को सुकुन देता है। इस अवसर पर हरदीप राणा ने समाजसेवा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों से अपील की कि वह भी यहां आकर पुण्य के भागी बने और गौवंशों की सेवा करते रहे। सनातन धर्म में गऊओं की सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी गई है। जानकारी देते हुए दिनेश गौकर्ण ने बताया कि जिन भी बच्चों के जन्मदिन होते है वो अपने माता-पिता के साथ यहां आकर हरा चारा, सब्जियां, गुड आदि खिलाकर अपना जन्मदिन मनाते है। इस अवसर पर संस्थापक हरदीप राणा, अनुराधा काम्बोज, संजय वर्मा, सुशील राणा, अनिल चौहान, कर्ण उपस्थित रहे।



## माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र में बच्चों को मिलेगा पोटरी कुम्हारी कौशल में प्रशिक्षण



**करनाल, 4 फरवरी ( परमजीत कौर ) :** माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। समिति की चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने बच्चों के लिए पोटरी कुम्हारी कौशल का कार्य शुरू करवाया गया है। इस पहल के तहत, बच्चों को पोटरी कुम्हारी के कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के बर्तन और सजावटी सामग्री बना सकेंगे। यह कार्य न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएगा। मेघा भंडारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करना है, जिससे वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। पोटरी कुम्हारी कौशल एक ऐसा कौशल है जो बच्चों को रचनात्मक और आत्मनिर्भर बनाएगा। हमारी सरकार ने बच्चों के लिए कई नीतियाँ बनाई हैं, जैसे कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सर्व शिक्षा अभियान, और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग। हमारा उद्देश्य इन नीतियों को सफल बनाना है और बच्चों को एक उज्ज्वल भविष्य प्रदान करना है। माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति की चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने कहा कि हमें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हमारे बच्चे पोटरी कुम्हारी कौशल में रुचि ले रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह कार्य बच्चों को एक नए दिशा में ले जाएगा और उन्हें अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर केंद्र के बच्चों ने पोटरी कुम्हारी के कौशल का प्रदर्शन किया और अपने हाथों से बनाए गए बर्तनों और सजावटी सामग्री का प्रदर्शन किया। माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र की यह पहल बच्चों के लिए एक नए दिशा में ले जाने का एक प्रयास है और हमें उम्मीद है कि यह कार्य बच्चों को एक उज्ज्वल भविष्य प्रदान करेगा।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान : पार्थ गुप्ता

**यमुनानगर, 4 फरवरी ( प्रभजीत सिंह ) :** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

इससे पहले उन्होंने समाधान शिविर में आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित समाधान के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिला स्तर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायतों से सम्बन्धित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडल स्तर पर तथा नगर निगम से सम्बन्धित शिकायतों के निपटान के लिये नगर निगम कार्यालय यमुनानगर-जगाधरी में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा जिलों में लगाए जा रहें समाधान शिविरों की मोनिटरिंग भी की जा रही है ताकि समाधान शिविरों का लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।



उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जिलावासियों से अपील है कि वह अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में आकर रखें और त्वरित समाधान पाकर इसका लाभ उठाएं। इस दौरान समाधान शिविर में कुल 4 शिकायत प्राप्त हुई जिसके समाधान के लिये उपायुक्त ने मौके मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद विरेन्द्र सिंह ढुल, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीएसपी कवलजीत सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# स्थानीय डीपीआसी हॉल में पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**फतेहाबाद, 4 फरवरी ( ब्यूरो ) :** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण, सर्वांगीण विकास, प्रारंभिक बाल्य अवस्था की देखभाल तथा पूर्व-विद्यालय शिक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा संतुलित आहार, स्वच्छता, मानसिक एवं शारीरिक विकास, खेल-आधारित शिक्षा तथा नवाचार तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को बेहतर पोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे वे स्वस्थ और जागरूक बन सकें।



कार्यक्रम के समापन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कहा कि यह प्रशिक्षण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सक्षम बनाएगा। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भविष्य में भी इसी तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज के हर बच्चे को बेहतर पोषण और शिक्षा का अवसर मिल सके।

## पीएम कुसुम योजना के तहत लगाए गए सोलर पंप के नियम विरुद्ध कार्य पर वापिस जमा होगी अनुदान राशि : उत्तम सिंह

**करनाल, 4 फरवरी ( सुनील कुमार ) :** प्रदेश में किसानों की फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने व खेती बाड़ी में लागत खर्च को कम करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

सरकार द्वारा इन योजनाओं के तहत विभिन्न प्रकार की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा सोलर पंप लगाने के लिए किसानों को पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष अनुदान दिया जा रहा है, ताकि किसानों पर ज्यादा वित्तीय बोझ न पड़े और उन्हें पारंपरिक पम्पों से छुटकारा मिल सके।

डी.सी उत्तम सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को इस प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं कि कई किसानों ने अपने सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टमों को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है या निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर स्थापित कर उन्हें अन्य किसी कार्यों में उपयोग में लाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जब पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने की स्वीकृति दी जाती है तो उस समय किसानों से यह लिखित रूप में लिया जाता है कि वे अपने यहां लगने वाले सोलर पंप को ना तो किसी अन्य व्यक्ति को बेचेंगे व ना ही उसे अन्य जगह शिफ्ट करेंगे। यदि वे ऐसा करेंगे तो सरकार उन्हें दी गई अनुदान राशि वापिस ले सकती है। उन्होंने बताया कि जिला के सब्सिडी प्राप्त किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे किसी भी नियम विरुद्ध कार्य करने से बचें व ना ही किसी के बहकावे में आये।

उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा समय समय पर मौके पर जाकर औचक निरीक्षण भी किया जाता है।

## मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं : उत्तम सिंह

**करनाल, 4 फरवरी ( सुनील कुमार ) :** डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया की हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने बताया की योजना के माध्यम से महिलाओं को 3 लाख तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलायें स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी।

# योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें : डा. नीना

**करनाल, 4 फरवरी ( संदीप रोहिला ) :** राजकीय महिला महाविद्यालय




में योग और मेडिटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें योग विशेषज्ञ के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर बीआरएम कॉलेज डॉ. नीना ने कहा कि योग साधना भारत में ऐतिहासिक ऋषि-मुनियों की पुरातन संस्कृति से जुड़ी हुई है। योग के निरंतर अभ्यास के द्वारा शारीरिक एवं मानसिक स्थिति का विकास होता है। मानव कल्याण के लिए सभी को जागरूक करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है, ताकि योग की क्रियाओं के द्वारा जीवन यापन को स्वस्थ बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. एकता अरोड़ा और रेड कमेटी इंचार्ज डॉ. सुमन चौधरी के नेतृत्व में, सभी छात्राओं ने सूक्ष्म व्यायाम के साथ-साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। प्रिंसिपल सुभाष शर्मा ने भी योग के बारे में विस्तार से बताया।

## महिलाओं व बच्चों की सुविधा को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**नीलोखेड़ी, 4 फरवरी ( दर्शन शर्मा ) :** नीलोखेड़ी के गांव संधीर व बुटाना गांव में करनाल के अतिरिक्त उपायुक्त यश जालूका द्वारा नीलोखेड़ी खंड के दो प्ले स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें संधीर



और बुटाना के प्ले स्कूल का का निरीक्षण किया गया। गांव के सभी लाभार्थियों जैसे गर्भवती धात्री 0 से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावक गांव के सरपंच व पंच इस मौके पर उपस्थित थे। अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले सभी लाभार्थियों से जो आंगनवाड़ी केंद्र में सुविधा मिलती हैं उसे बारे में बातचीत की गई। पोषण ट्रैकर एप का निरीक्षण किया गया। राशन की गुणवत्ता और मात्रा को चेक करने के लिए जो पांच सदस्य कमेटी प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में बनानी थी उसका निरीक्षण किया गया। अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र में भेजने के लिए कहा गया। इस मौके पर डॉ राजबाला मोर सुपरवाइजर पूनम, अलका, आंगनवाड़ी वर्कर कंचन और संतोष कुमारी उपस्थित रहे।

### खेत में बने कोठे की दीवार तोड़कर सामान चोरी

**मूनक, 4 फरवरी ( जय भगवान ) :** एक किसान के खेत में बने टयूबवेल के कोटे में रखा सामान अज्ञात चोरों द्वारा दिवार तोड़कर चोरी होने का मामला सामने आया है। देशराज निवासी पाढा ने पुलिस को शिकायत दी कि उसने कुरलन पबाना हसनपुर रोड पर ठेके पर खेत लिए हुए हैं। जिसमें टयूबवेल पर बने कोठे में इनवर्टर, दो बैटरी, चक्की की मोटर आदि व ट्रैक्टर पर म्यूजिक सिस्टम रखा हुआ था। जिसकी रात के समय चोरों ने कोठी की दीवार तोड़कर निकाल लिया। पुलिस ने इसकी शिकायत पर दर्ज खोजबीन जारी कर दी।

## सूक्ष्म सिंचाई सहित पक्का वाटर टैंक आवेदनों का ड्रा 7 फरवरी को

**फतेहाबाद, 4 फरवरी ( ब्यूरो ) :** प्रोमोशन फॉर कॉटन कल्टीवेशन स्कीम के तहत सूक्ष्म सिंचाई सहित पक्का वाटर टैंक वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के पोर्टल के माध्यम से 28 नवंबर, 2024 से 12 दिसंबर, 2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसके तहत जिला फतेहाबाद में 59 किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि इन प्राप्त आवेदनों का 7 फरवरी को दोपहर बाद 12:30 बजे जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कमरा नंबर 32 बैठक कक्ष में ऑनलाइन ड्रा निकाला जाएगा। उन्होंने सभी आवेदनकर्ता किसानों से आग्रह किया है कि वे निश्चित समय व स्थान पर उपस्थित होकर ड्रा प्रक्रिया में भाग लें। इस बारे अधिक जानकारी के लिए सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी फतेहाबाद के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में होगी आसानी तथा ई कार्ट-रिक्शा कचरा रेहड़ी के उपयोग से ईंधन की बचत होगी : रामकुमार कश्यप



**इंद्री, 4 फरवरी ( बिशपाल राणा ) :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत एमपी लैड के तहत विधानसभा क्षेत्र इन्द्री के कुंजपुरा मंडल के विभिन्न गांवों की ग्राम पंचायतों को डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए ई कार्ट-रिक्शा वितरित की। इस मौके पर विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने ई कार्ट-रिक्शा कचरा रेहड़ी चालकों को हरी झंडी दिखाकर कुंजपुरा मंडल के विभिन्न गांवों के लिए रवाना किया। विधायक एवं गवर्नमैंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने बताया कि कुंजपुरा मंडल के ग्राम पंचायत मोदीपुर, बड़ा गांव, बाजिदपुर, चोरपुरा खालसा, मैनमती, मुगल माजरा, नागल, रिण्डल, सैयद छपरा आदि गांवों के सरपंचों को ई कार्ट-रिक्शा कचरा रेहडी की चाभी सौंपी गयी। उन्होंने बताया कि इन ई कार्ट-रिक्शा कचरा रेहडी का उपयोग संबंधित पंचायतों के गांवों से सूखा एवं गीला कचरा कलेक्शन किया जाएगा और इसे पंचायत स्तर पर बने कचरा संग्रहण शैड में जमा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कूड़ा-कचरा को गांव से दूर ले जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि कचरा उठाव के लिए ई कार्ट-रिक्शा कचरा रेहड़ी के उपयोग से कम समय में अधिक कार्य होगा।

वहीं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के में भी आसानी होगी तथा ई कार्ट-रिक्शा कचरा रेहडी का उपयोग होने से ईंधन की बचत होगी और साथ ही प्रदूषण भी कम होगा। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि सरकार की बहुत ही उपयोगी योजना है। इससे जहां गांव में कुडा-कचरा व गंदगी इधर-उधर फैलने से रूकेगी वहीं इस इ कार्ट रिक्शा के माध्यम से कूड़ा कचरा एक स्थान पर इकट्ठा किया जा सकेगा। सरकार गांवों को कचरा मुक्त बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब कूड़ा उठाने के लिए डीजल वाहनों की जगह ई कार्ट-रिक्शा कचरा रेहड़ी लगाई गई है। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण रहित होगा।

दूसरी ओर डीजल से होने वाली खर्चों में भी बचत होगी। ये ई-रिक्शा ग्राम पंचायत क्षेत्र में घर-घर जाकर कचरा एकत्रित करेंगे, इससे गांव में साफ सफाई होगी और गांव साफ-सुथरा बनेगा। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि वे ई कार्ट-रिक्शा कचरा रेहड़ी की सही देखभाल रखें और इसका प्रयोग केवल कूड़ा-कचरा उठाने में ही करें और गांव को साफ-सुथरा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे जीवन का अहम हिस्सा है और यदि हमें अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखना है तो हमें स्वच्छता को अपना होगा और अपने आसपास साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखना होगा। इस मौके पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मोनिका, भाजपा मंडलाध्यक्ष अनिल चौहान, सरपंच प्रधान रतन सिंह, सरपंच सुशील कुमार, दीपक कुमार, पंकज, रवि, सबील, बलकार सिंह, बलविंदर कुमार, सतीश राणा, नरेश प्रजापति, निशांत पावा, दीपक सैनी, शुभम उप्पल, दर्शन राणा, जयपाल कश्यप सहित भाजपा के नेतागण एवं विभिन्न गांवों के सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।

# बारह योग आसनों का एक समन्वय है सूर्य नमस्कार : सुमन



**करनाल, 4 फरवरी ( सुनील कुमार ) :** हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग के तत्वावधान में घरौंडा ब्लॉक के योग सहायकों की ओर से गांव रायपुर जाटान के सरकारी स्कूल में सुमन संधू व विपिन ग्रोवर ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार 12 योग आसनों- प्रणामासन, हस्त उत्तानासन, हस्तपादासन, अश्व संचलानासन, अधोमुख श्वानासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन, अश्व संचलानासन, ताड़ासन और हस्तपादासन का समन्वय है। इस मौके पर सुमन संधू ने सूर्य नमस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार एक उत्तम कार्डियो वैस्कुलर व्यायाम भी है और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक भी। सूर्य नमस्कार मन व शरीर दोनों को तंदुरुस्त रखता हैद्ध यदि आपके पास समय की कमी है और चुस्त दुरुस्त रहने का कोई नुस्खा ढूंढ रहे हैं तो सूर्य नमस्कार सबसे अच्छा विकल्प है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार से पाचन तंत्र सुधरता है और विषैले तत्वों को शहीर से बाहर निकालने मिलती है । सूर्य नमस्कार से पेट कम होता है, शरीर लचीला बनता है। इससे वजन भी कम होता है। यह सूर्य नमस्कार त्वचा की रंगत सुधारता है और मानसिक परेशानियों को दूर करके यह चिंता मुक्त जीवन देता है। रीढ़ को मजबूत बनाने के साथ-साथ सूर्य नमस्कार मांसपेशियों और जोड़ों को मजबूत करता है और कंधों को गतिशीलता भी देता है। इस अभ्यास के दौरान स्कूल के स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद : पुलिस अधीक्षक



**यमुनानगर, 4 फरवरी ( संजीव कुमार ) :** मंगलवार को जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने गणपति कान्वेंट स्कूल बिलासपुर में जाकर छात्राओं को क्राइम अगेंस्ट वूमेन,पोक्सो एक्ट के प्रावधान,दुर्गा शक्ति एप, गुड टच व बैड टच के बारे व ट्रैफिक के नियमों तथा साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। महिला थाना की एएसआई नीलम व रिंकी ने छात्राओं को उनकी सुरक्षा संबंधित बहुत अच्छी जानकारी प्रदान की। सेफ सिटी कार्यक्रम के अंतर्गत एएसआई नीलम व रिंकी ने गणपति कान्वेंट स्कूल बिलासपुर में जाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को पॉक्सो एक्ट के प्रावधान व सजा के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने लड़कियों को दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को गुड टच व बैड टच के बारे अनेक उदाहरण देकर बताया कि किस तरह उन्हें अपने रिश्तेदारों, पारिवारिक जनों आस-पड़ोस में रहने वाले किसी भी आदमी को चाहे किसी भी उम्र का हो डरने की जरूरत नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत भावना से छूने की कोशिश करता है या गलत शब्द कहता है तो बिना डरे और बिना हिचकिचाहट के उनकी शिकायत करनी चाहिए ताकि व्यक्तियों को डर रहे और वह किसी भी गलत काम को करने से पहले सतर्क हो जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी बात होती है तो तुरंत अपनी माता या अध्यापिका को जरूर बताएं। आपकी समस्या का समाधान ना हो तो डायल 112 की मदद ली जा सकती है। उन्होंने सभी बच्चों को समझा गया कि मोबाइल फोन का लाभदायक उपयोग करते हुए अपने भविष्य पर फोकस करें। अपने मोबाइल फोन से केवल अच्छी गाइडेंस लें।

उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि अपनी निजी जानकारी किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर ना करें, मोबाइल पर आए अनजान लोगो के मैसेज या लिंक्स का रिप्लाई ना दें। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम फ्राड का शिकार होते हो तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें या अपने नजदीकी थाना चौकी में इसकी सूचना दें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को दुर्गा शक्ति एप को मोबाइल में अपलोड करना चाहिए और इसका कैसे प्रयोग करना है इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि महिलाओं या लड़कियों से यदि कोई भी व्यक्ति गलत व्यवहार करता है तो बेझिझक पुलिस को इसकी सूचना दें। इसके लिए उन्हें कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है महिलाओं को बस अपने मोबाइल में दुर्गा शक्ति एप का प्रयोग करना है। इसके चंद मिनट में पुलिस की टीम आपके पास होगी। इसके अतिरिक्त महिला हेल्पलाइन नंबर 8818000108 या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर भी कॉल कर सकते हैं। एएसआई नीलम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी कल का भविष्य है।

हमें सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। 18 वर्ष से कम आयु के तथा बिना लाइसेंस व हेलमेट के वाहन नहीं चलाना चाहिए। सभी प्रकार के नशे से दूर रहते हुए अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए तथा अपने अध्यापकगण व बड़ों का आदर सम्मान करना चाहिए। तभी हम बड़े होकर अच्छे नागरिक कहलाएंगे।

# सुगनी देवी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम की मेजबानी की



**लाडवा, 4 फरवरी ( राम गोपाल ) :** सुगनी देवी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सीबीएसई सीओई, पंचकुला द्वारा आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम की मेजबानी की। रंजना भारद्वाज और पूजा छाबड़ा कार्यक्रम की रिसोर्सपरसन रही कार्यशाला में सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकगण के साथ सन राइज हाई स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजबान स्कूल द्वारा रिसोर्स पर्सन्स की गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। रंजना भारद्वाज ने शिक्षा प्रणाली में आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच के महत्व का अवलोकन विषय से सत्र की शुरुआत की। उन्होंने आलोचनात्मक सोच की अवधारणा को तार्किक और वस्तुनिष्ठ रूप से जानकारी का मूल्यांकन और विश्लेषण करने की क्षमता के रूप में समझाया। पूजा छाबड़ा ने भिन्न सोच, समस्या-समाधान परिदृश्यों और सहयोगी परियोजनाओं के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरण देकर सत्र को मनमोहक बना दिया। दुसरे सत्र की शुरुआत रंजना भारद्वाज ने की, जिन्होंने शिक्षकों को मूल्यांकन तकनीकों से परिचित कराया जो छात्रों के महत्वपूर्ण और रचनात्मक सोच कौशल का मूल्यांकन करती हैं। शिक्षकों ने डिज़ाइन सोच-उन्मुख कक्षा वातावरण को बढ़ावा देने में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की। पूजा छाबड़ा ने नवीन और विश्लेषणात्मक विचारकों की एक पीढ़ी को बढ़ावा देते हुए, छात्रों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए शिक्षकों को सफलतापूर्वक सशक्त बनाया। सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस तरह की विचारोत्तेजक कार्यशाला के लिए रिसोर्स पर्सन्स और सीबीएसई दोनों का आभार व्यक्त किया।

# नशा मुक्ति अभियान की दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : अनीश यादव



**हिसार, 4 फरवरी ( मनमोहन शर्मा ) :** जिला प्रशासन की ओर से नशा मुक्ति अभियान को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनीश यादव ने की। बैठक में जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए एक विस्तृत योजना पेश की गई और अधिकारियों को नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि नशा पीड़ितों की काउंसलिंग और नशे के व्यापारियों को ट्रेस करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इस फॉर्म में स्वास्थ्य विभाग, नशा मुक्ति केंद्र संचालक और पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक जानकारी भरी जाएगी। इस डाटा के विश्लेषण के आधार पर सबसे अधिक प्रभावित गांवों पर फोकस किया जाएगा। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने उपमंडल में स्थित नशा से सबसे अधिक प्रभावित गांवों का दौरा करें और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा के आधार पर नशा पीड़ितों की पहचान करें। साथ ही, उनकी काउंसलिंग करें और नशे के स्रोत पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। नागरिक अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी उप-सिविल सर्जन डॉ. सुशील गर्ग ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा जिले में नशे से प्रभावित 483 लोगों का डाटा वेरीफाई करने उपरांत सही पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग का फोकस इन लोगों की काउंसलिंग करके उन्हें नशे से मुक्त कराने पर होगा। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम को यह भी निर्देश दिए कि वे ग्राम सचिव, सरपंच, पटवारी, चौकीदार, स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग की टीम के साथ मिलकर ड्रग से प्रभावित गांवों में लोगों की स्क्रीनिंग करें और उनकी सभी जानकारी निर्धारित गूगल फॉर्म में जमा करें। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सबसे अधिक प्रभावित गांवों में नशे की सप्लाई के स्त्रोतों की पहचान कर उन ड्रग पेडलर्स पर वाणिज्यिक मात्रा में नशीले पदार्थ पाए जाने पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठित और गैर-संगठित ड्रग पेडलर्स के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने जिला औषधि नियंत्रक अमित कुमार को निर्देश दिए कि जो मेडिकल संचालक सेल और परचेज का रिकॉर्ड मेंटेन नहीं करते हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने ड्रग गतिविधियों पर रेड करने के लिए नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि रेड के समय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को लेकर प्रशासन की ओर से लगातार प्रगति की समीक्षा की जाएगी और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एनकॉर्ड बैठक में एएसपी डॉ राजेश कुमार मोहन, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नारनौंद एसडीएम मोहित महराणा, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगराधीश हरिराम, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप सिंह नरवाल, बरवाला तहसीलदार राजेश गर्ग, जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार, डॉ प्रभु दयाल, डीईटीसी तरुणा लांबा, डॉ गरिमा दहिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन टीम ने किया हेलमेट वितरण अभियान



**यमुनानगर, 4 फरवरी ( संजीव कुमार ) :** एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन की टीम द्वारा आज यमुनानगर के महाराणा प्रताप चौंक पर जरूरतमंदों को हेलमेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना था। इस आयोजन में यमुनानगर के एस.पी राजीव देशवाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विश्वकर्मा धीमान समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक राज धीमान और समाजसेवी सुंदर प्रताप नारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे। जागरूकता अभियान कार्यक्रम की सबसे खास बात रही एक नाटकीय प्रस्तुति, जिसमें यमराज के रूप में कलाकारों ने लोगों को रोका और उन्हें ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने का महत्व समझाया और सड़क पर सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी।

**यमराज का संदेश था :** हर कोई व्यक्ति सुरक्षित अपने गंतव्य पर पहुंचे और अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करे। हेलमेट पहनने से दुर्घटनाओं में जान बच सकती है, इसलिए सभी को इसे अनिवार्य रूप से पहनना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के संचालक अमित मांकट ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इनमें से अधिकतर मामले हेलमेट न पहनने की वजह से होते हैं। संस्था ने हेलमेट वितरित कर लोगों को सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया है, ताकि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# प्राईवेट स्कूल संघ हांसी ने जारी किया परिणाम



**हांसी, 4 फरवरी ( मनमोहन शर्मा ) :** प्राईवेट स्कूल संघ हांसी द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज बोर्ड पाठ्यक्रम प्रतियोगिता का आज परिणाम घोषित किया गया। प्रधान रविन्द्र अत्री ढण्ढेरी ने बताया कि 27 जनवरी, 2025 को हिन्दू सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें प्रत्येक विद्यालय से एक ग्रुप का भाग लेना अनिवार्य था। प्रतियोगिता में 205 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निदेशक प्रवीण अग्रवाल, पी.जी.टी. फिजिक्स अध्यापक ने निष्पक्ष तरीके से प्रतियोगिता का संचालन किया। जिसमें प्रथम स्थान आस्था (आनन्द निकेतन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल हांसी), शीतल (अमर ज्योति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, मेहन्दा), तृतीय स्थान प्राची (शहीद भगत सिंह हाई स्कूल हांसी), सुनैना (आदर्श सीनियर सैकेण्डरी स्कूल डाटा) ने प्राप्त किया। ग्रुप पॉजिशन में प्रथम स्थान आनन्द निकेतन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, हांसी, द्वितीय स्थान शहीद भगत सिंह हाई स्कूल हांसी तथा तृतीय स्थान आनन्द निकेतन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल हांसी ने हासिल किया। टॉप 10 में स्थान बनाने वाले विद्यार्थी आस्था, शीतल, प्राची, सुनैना, दीपिका, महक, तमन्ना, कनिका, हर्ष, अंकित, ज्योति, चेतना, अमन, स्नेहा, सेह, किरण थे और इन सभी विजेता विद्यार्थियों को प्राईवेट स्कूल संघ हांसी की तरफ से विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रधान रविन्द्र अत्री ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उददेश्य बच्चों में उत्साह के साथ उनकी प्रतिभा का निखार करना है।

# दलित अधिकार कार्यकर्ता अधिवक्ता रजत कल्सन भारतीय दलित साहित्य अकादमी हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



**हांसी, 4 फरवरी ( मनमोहन शर्मा ) :** दलित अधिकार कार्यकर्ता रजत कल्सन को भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है इस बारे में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर ने एक पत्र जारी कर यह सूचना दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि अधिवक्ता रजत कल्सन द्वारा पिछले लंबे समय से समाज के उत्थान हेतु किये जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दिए जाने का फैसला अकादमी द्वारा लिया गया है। नियुक्ति पत्र में उन्हें निर्देश दिया गया है कि इस बारे में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करें। अधिवक्ता रजत कलसन को हरियाणा में अनुसूचित जाति व जनजाति समाज के खिलाफ अत्याचार की लड़ाई का प्रमुख योद्धा माना जाता है, अधिवक्ता रजत कल्सन हरियाणा ही नही बल्कि पूरे उत्तर भारत में दलित समाज को न्याय देने की लड़ाई को लीड करने का काम कर रहे हैं। हरियाणा में दलितों पर हुए अत्याचार के प्रमुख मामलों जैसे मिर्चपुर दलित हत्या व आगजनी कांड, भाटला सामाजिक बहिष्कार कांड, भगाना कांड, के अतिरिक्त उन्होंने दलित समाज के विरुद्ध अनेक हत्या, रेप, गैंगरेप के मामलों में दलित समाज के पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम किया है तथा जातिवादी गुंडों को सलाखों के पीछे भिजवाया है ,इसके साथ एक कल्सन को दलित समाज मे सामाजिक जागरूकता फैलाने का श्रेय भी जाता है । उन्हने समाज में हरिजन शब्द के इस्तेमाल के विरुद्ध मुहिम चलाई तथा दलित समाज के लिए अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल करने पर कई सिलेब्रिटीज के खिलाफ मुकदमे दर्ज करवाये जिसके चलते इन सिलेब्रिटीज को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। भारतीय दलित साहित्य अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर अपनी नियुक्ति के बारे में बात करते हुए कल्सन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने उन पर जो विश्वास जताया है वे उस ओर खरा उतरने का काम करेंगे तथा प्रदेश भर के दलित साहित्यकारों को एक मंच पर लाने का काम करेंगें। इससे पहले भारतीय दलित साहित्य अकादमी अधिवक्ता कल्सन को अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में वीर एकलव्य अवार्ड से सम्मानित कर चुकी हैं।

# हजरत निजामुद्दीन में कैसे मनाई गई वसंत पंचमी दरगाह पर पीले फूलों की होली

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) दिल्ली में मौजूद हजरत निजामुद्दीन दरगाह एक ऐसी जगह है, जहां पर पिछले कई सालों से वसंत पंचमी का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर समुदाय के लोग एक साथ आकर इस त्योहार को मनाते हैं। इस दिन हजरत निजामुद्दीन दरगाह पर पीले गेंदे के फूलों की होली खिलती नजर आती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। हर तरफ पीले फूल और लोगों की भीड़ नजर आई। हजरत निजामुद्दीन दरगाह वसंत पंचमी के मौके पर पीले फूलों से जगमग दिखाई दी। हर साल की तरह लोग इस साल भी हजरत निजामुद्दीन औलिया और हज़रत अमीर खुसरो के सम्मान में गेंदे के फूल और पीली चादर लेकर दरगाह पर पहुंचे। लोगों की भीड़ दिखाई दी। दरगाह पर पहुंचने वाले लोग पीली पगड़ी और हाथ में फूलों से भरी थाल लिए नजर आए। दरगाह को पीले गेंदे के फूलों से सजाया गया था, जो एक अलग ही तरह की खुशबू से महक रही थी। वसंत पंचमी के दिन निजामुद्दीन दरगाह पर खास समारोह आयोजित किए जाते हैं। इस बार भी पारंपरिक सूफी कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग भी पीले रंग के कपड़े पहनकर दरगाह पर पहुंचते हैं। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार माघ माह के पांचवें दिन यानी पंचमी को वसंत पंचमी मनाई जाती है। यह इस्लामी कैलेंडर में पांचवें महीने की तीसरी तारीख होती है, जिसे सूफी वसंत के रूप में भी मनाया जाता है। वसंत पंचमी की शुरुआत सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया के समय में हुई थी। कहा जाता है कि हजरत निजामुद्दीन की कोई संतान नहीं थी। इसलिए वह अपने भतीजे तकी उद्दीन से बहुत प्यार करते थे, लेकिन उनके अचानक निधन से हजरत निजामुद्दीन का दिल टूट गया था।

# बीजेपी नेता बांट रहे चिकन और शराब पटपड़गंज कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौधरी ने जारी किया वीडियो

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) पटपड़गंज से कांग्रेस उम्मीदवार अनिल चौधरी ने एक वीडियो भी जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में शराब और मांस बांटा जा रहा है। चौधरी ने दावा किया कि बीजेपी उम्मीदवार रवींद्र नेगी इस वितरण में शामिल थे। दिल्ली चुनाव की वोटिंग से पहले यहां हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। एक तरफ सीएम आतिशी बिधूड़ी के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस बीजेपी पर शराब और चिकन बांटने का आरोप लगा रही है। इन आरोपों को लेकर कांग्रेस ने एक वीडियो भी जारी किया है। पटपड़गंज से कांग्रेस उम्मीदवार अनिल चौधरी ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में शराब और मांस बांटा जा रहा है। चौधरी ने दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार रवींद्र नेगी इस वितरण में शामिल थे, जिसके बाद पूर्वी दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता अनिल चौधरी ने एक्स पर पोस्ट किए वीडियो में, मांस से भरा एक प्लास्टिक बैग दिखाया है। जिसमें कई पॉलीथिनों में मांस रखा हुआ है। हार से डरी बीजेपी और आम आदमी पार्टी शराब और चिकन बांटकर लोगों के वोट खरीदना चाहती है। वीडियो में चौधरी ने कहा कि आप की तरह, भाजपा भी वोट खरीद रही है। चौधरी ने बीजेपी उम्मीदवार रविंद्र नेगी पर ये आरोप लगाए हैं। रवींद्र नेगी पूर्वी दिल्ली की पटपड़गंज विधानसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी के अवध ओझा और कांग्रेस के चौधरी अनिल कुमार से है। इस सीट पर इससे पहले पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया चुनाव जीतते आए हैं, इस चुनाव में उन्होंने अपनी सीट बदल दी। राजनीतिक पंडितों की माने तो इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले चुनाव यहां से मनीष सिसोदिया को चुनाव जीतने में पसीने छूठ गए थे।पटपड़गंज विधानसभा सीट पर 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान मनीष सिसोदिया को जीत मिली थी।

# हर बूथ पर बीजेपी का स्पेशल प्लान कार्यकर्ताओं को दी गई अहम जिम्मेदारी

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर थमने के बाद अब भाजपा कार्यकर्ताओं पर अधिक मतदान कराने की चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया था। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक परिवार से कम से कम तीन बार संपर्क करने के साथ ही अधिक से अधिक मतदान कराने को कहा था। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर अलग से टीम बनाने का निर्देश भी दिया था। भाजपा नेताओं का कहना है कि प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की टीम तैनात कर दी गई है। भाजपा कार्यकर्ता पर्ची लेकर घर-घर जा रहे हैं। उन्हें मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दे रहे हैं। बुधवार को सुबह से ही वह अपने लिए निर्धारित परिवारों से संपर्क कर मतदान करने की अपील करेंगे। यदि किसी मतदाता को मतदान केंद्र पर पहुंचने में किसी तरह की परेशानी है तो उसकी सहायता भी करेंगे। भाजपा की रणनीति है कि दोपहर 12 बजे से पहले अधिक से अधिक मतदान कराने का है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर वाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें वहां के मतदाताओं को जोड़ा गया है।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे में आई अड़चन, कोर्ट का आदेश दर्ज हो गया केस

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे शुरू होने से 6.5 घंटे का सफर ढाई घंटे का रह जाएगा। हालांकि किसानों की वजह से इसका निर्माण रूक गया है। ऐसे में कोर्ट के आदेश पर एनएचएआई के साइट इंजीनियर मामला दर्ज करवाया है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के खुलने का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन किसानों ने इसकी रफ्तार रोक दी है। हालांकि इसके खुलने की उम्मीद जल्दी है। ऐसे में इसके खुल जाने से दिल्ली और देहरादून के बीच का समय साढ़े छह घंटे से कम होकर महज ढाई घंटे का रह जाएगा। किसानों के झगड़े के कारण चार साल से टीकरी में एक्सप्रेस वे का काम बंद पड़ा है, जिसकी वजह से एनएचएआई को अभी तक करोड़ रुपये का फटका लग चुका है। ऐसे में मामले में अब एनएचएआई के साइट इंजीनियर ने न्यायालय के आदेश पर टीकरी के सुनील राठी समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एनएचएआई के साइट इंजीनियर अंकित कुमार ने बताया कि अगस्त 2021 में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के फेज-2 निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण कर किसानों को मुआवजा वितरित किया और फिर निर्माण शुरू करा दिया गया है। अंकित ने आरोप लगाया कि टीकरी गांव के सुनील राठी ने एक्सप्रेस वे के लिए अधिग्रहित की गई जमीन पर अपना दावा करते हुए काम शुरू नहीं होने दिया, जबकि राजस्व अभिलेखों की जांच कराई तो वह जमीन दूसरे किसान के नाम पर दर्ज मिली। इसकी वजह से जमीन का मुआवजा भी आवंटित नहीं किया गया। ऐसे में चार साल से काम बंद होने के कारण सामान खराब होने से एनएचएआई को करीब दो करोड़ रुपये का अभी तक नुकसान हो गया है।

# बोर्ड परीक्षा में छात्रों को नहीं मिलेगी सप्लीमेंट्री कापी

भोपाल 4 फरवरी (निस) माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होने जा रही है। इन दिनों छात्र पढ़ाई में जुट चुके हैं, क्योंकि उनके पास महज 22 दिन ही शेष बचे हैं। हर बार माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से परीक्षा में कुछ बदलाव किए जाते हैं। इस बार छात्रों को सप्लीमेंट्री कापी नहीं मिलेगी। उन्हें मुख्य उत्तर पुस्तिका में क्वेश्चन पेपर साल्व करना होगा। यह उत्तर पुस्तिका 32 पेज की होगी। अब तक 20 पेज की ही आंसर शीट दी जाती थी। उत्तर पुस्तिका के पहले पेज पर बार कोड लगा रहेगा। एमपी बोर्ड परीक्षा में नकल पर पाबंदी लगाने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रश्नपत्रों के बंडलों को पुलिस स्टेशन से निकालने और वितरित करने में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। क्वेशन पेपर के साथ उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण क्रमवार किया जाएगा। सामाजिक विज्ञान में आसानी से स्कोर कर सकते हैं छात्र 10वीं की परीक्षा में सामाजिक विज्ञान में छात्र आसानी से स्कोर कर सकते हैं। छात्रों को तीन घंटे में 23 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। पिछले साल परिणाम 72.2 प्रतिशत था। मेधावी स्टूडेंट्स ने 90 से अधिक मार्क्स प्राप्त किए थे। परीक्षा में छात्र कुछ बातों का ध्यान रख अच्छा स्कोर कर सकते हैं। एग्रीकल्चर से जुड़े प्रश्न छात्र पढ़ लें परीक्षा में मैप वर्क चार मार्क्स का आता है। छात्र इसमें गलती कर देते हैं। यदि स्टूडेंट्स को प्रदेश और विशेषताओं की जानकारी होगी तो पूरे मार्क्स मिल सकते हैं। इसमें राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएं भारत में राष्ट्रवाद चैप्टर और परिवहन से संबंधी प्रश्न पूछे जाते हैं। एग्रीकल्चर से जुड़े प्रश्नों को छात्र पढ़ लें।

## संविदा भर्ती के लिए 27 फरवरी तक आवेदन

बिलासपुर 4 फरवरी (निस) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा 5 पदों पर संविदा भर्ती के लिए 27 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें 3 पद कार्यालय सहायक/ क्लर्क और 2 पद चपरासी (मुंशी/ अटेंडेंट) के हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर इसे विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में रखे ड्रॉप बॉक्स में उक्त तिथि तक डाल सकते हैं। रजिस्ट्री, कूरियर अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। क्लर्क को 20 हजार और चपरासी को 12 हजार वेतन दिया जाएगा।जानकारी के लिए जिला न्यायालय की वेबसाइट का अवलोकन कियाजा सकता है।

## प्रशिक्षण से नदारद 32 मतदान अधिकारियों को शो कॉज नोटिस

बिलासपुर 4 फरवरी (निस) स्थानीय निकाय के लिए आयोजित चुनाव प्रशिक्षण से नदारद 32 मतदान अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। ये सब अधिकारी 30 और 31 जनवरी को आयोजित प्रशिक्षण से बिना सूचना दिए शामिल नहीं हुए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उन्हें 24 घण्टे के भीतर जवाब देने को कहा गया है। जिन्हें नोटिस दिया गया है, उनमें 12 पीठासीन अधिकारी, 3 मतदान अधिकारी तीन, 9 मतदान अधिकारी दो और 8 मतदान अधिकारी तीन शामिल हैं। उन्हें 5 और 6 फरवरी 2025 को आयोजित द्वितीय प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से हिस्सा लेने को कहा है। निर्धारित समय पर जवाब नहीं देने और प्रशिक्षण में शामिल नहीं होने पर इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली में मतदान आज ....

**पृष्ठ एक का शेष..** घेरा -उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाताओं के बीच जूते, चादर और अन्य वस्तुओं का वितरण किया गया है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए हजारों आवेदन जमा किए हैं। सिंह ने यह भी दावा किया कि कुछ भाजपा नेताओं के घरों में मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुयी है। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे माहौल में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कैसे संभव है। भाजपा सदस्यों की टोकाटोकी के बीच सिंह ने विभिन्न आंकड़े पेश किए, जिस पर आसन ने उन्हें अपने आंकड़े सत्यापित करने का निर्देश दिया।

**60 सीट लेकर केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे- सिंह** -सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि गलवान घाटी में 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने के बाद भी केंद्र सरकार ने चीन के साथ व्यापार में खासी वृद्धि की। आयुष्मान योजना में भारी भ्रष्टाचार होने का दावा करते हुए सिंह ने कहा कि एक ही मोबाइल फोन नंबर पर लाखों लोगों का पंजीकरण किया गया। उन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में कराए गए विभिन्न कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी फिर सत्ता में आएगी और 60 सीट लेकर केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे।

## राजनाथ ने राहुल को लताड़ा ....

के दौरान राहुल गांधी द्वारा ''सरासर झूठ और दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने की मांग की।

सोमवार को विपक्ष के नेता के भाषण पर सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से कड़ी आपत्ति जताए जाने के बाद दुबे ने अध्यक्ष को अपना नोटिस सौंपते हुए दावा किया कि कांग्रेस नेता अपने आरोपों को प्रमाणित किए बिना झूठ फैलाने के लिए अपने संसदीय विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण में मुख्य रूप से दावे थे, जिनमें यह भी शामिल था कि मोबाइल फोन भारत में नहीं बनते बल्कि यहां केवल 'असेंबल किए जाते हैं और चीन ने भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। राजनाथ ने कहा ऐसे बयान कतई सहनं नहीं किए जा सकते।

## हेमामालिनी का...

**पृष्ठ एक का शेष** ...रहीं और फूल बरसाए जा रहे थे, ये शर्मनाक बात है। जेसीबी से लाशें हटाई गईं। सरकार बताए लाशें कहां फेंकी हैं। कुंभ हादसे के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए। महाकुंभ में व्यववस्थाएं सेना के हवाले कर देनी चाहिए।कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने महाकुंभ भगदड़ के मुद्दे पर लोकसभा में स्थगन नोटिस दिया। गोगोई ने नोटिस में लिखा कि अपर्याप्त सुरक्षा उपाय, भीड़भाड़ और प्रबंधन में खामियों के कारण ही महाकुंभ एक त्रासदी में बदल गया जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने भी राज्यसभा में महाकुंभ भगदड़ के मुद्दे पर चर्चा के लिए कार्य स्थगन नोटिस दिया है।

## जया के बयान पर मचा सियासी घमासान

रही है, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। यह झूठ बोला जा रहा है कि वहां करोड़ों लोग आ चुके हैं। इतनी बड़ी संख्या में लोग किसी भी समय एक जगह पर कैसे इकट्ठा हो सकते हैं? जया बच्चन का यह बयान 'एक्स पर दिनभर ट्रेंड करता रहा। बीजेपी ने इसे हिंदू आस्था और कुंभ मेले का अपमान बताया है। वहीं कई धार्मिक नेताओं और संगठनों ने जया बच्चन से माफी की मांग की है और उनके बयान को 'गुमराह करने वाला बताया है।

# संक्षिप्त समाचार

## दो बाइकें आमने-सामने टकराई, पति-पत्नी की मौत, बेटा घायल

पटना, 4 फरवरी (निस) पटना में एक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनका बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। घटना, अथमलगोला और बख्तियारपुर के बीच खंभा और बाजितपुर गांव के पास की है, जहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया। बच्चे का इलाज जारी है।

वहीं दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों को गंभीर हालत में पहले बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया और फिर पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घायल युवकों की पहचान फुलेलपुर निवासी नवीन कुमार (19) और रंजीत कुमार (20) के रूप में हुई है। दोनों युवकों के शरीर पर चाकू के निशान थे। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। घायल युवकों के शरीर पर मिले चाकू के निशानों के संबंध की जानकारी ली जा रही है।

## उपराज्यपाल की दिल्लीवासियों से अपील- लोकतंत्र के महापर्व पर अधिक से अधिक करें मतदान

नई दिल्ली 4 फरवरी (निस) दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने राजधानी की जनता से पांच फरवरी को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व (पांच फरवरी) को दिल्ली के सभी लोग वोट करें। कहा कि विज्ञापनों के महाजाल से हटकर वोट करें और दिल्ली के विकास के लिए अपनी सरकार चुनें। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली के विकास के लिए वोट जरूर करें। उन्होंने दिल्ली की जनता से पांच फरवरी को ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की है।

## कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास को कारण बताओ, नोटिस पीसीसी ने जारी किया आदेश, 3 दिनों में देना होगा जवाब

बिलासपुर 4 फरवरी (निस) प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस के नेता त्रिलोक श्रीवास को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। पीसीसी से जारी आदेश में बताया गया है कि नगर निगम चुनाव वार्ड क्रमांक 68 स्वामी रामकृष्ण परमहंस के अधिकृत प्रत्याशी ने खिलाफ त्रिलोक श्रीवास चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पीसीसी से जारी नोटिस के अनुसार प्रत्याशी ने लिखित शिकायत कर जानकारी दी है कि त्रिलोक श्रीवास निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इससे अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी को सीधा प्रभाव पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने विचार विमर्श के बाद फैसला किया है कि इससे त्रिलोक श्रीवास के इस कृत्य से पार्टी की छवि धूमिल हुई है। ऐसा किया जाना अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। नोटिस में बताया गया है कि त्रिलोक श्रीवास को तीन दिनों के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सामने स्पष्टीकरण देना होगा। स्पष्टीकरण यथोचित नहीं पाए जाने अथवा जवाब पेश नहीं करने की सूरत में एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है ।

# पारधी गिरोह पर वन विभाग की नजर

जबलपुर, 4 फरवरी (निस) जबलपुर वन परिक्षेत्र पिपरिया बीट में रानी दुर्गावती समाधि स्थल के पास एक तेंदुए का शिकार किया गया और बाद में वन विभाग के अमले के पहुंचने से पहले शिकारियों ने तेंदुए की लाश को मंडला की बॉर्डर पर फेंक दिया था7 घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और जांच पड़ताल की7 घटना स्थल और उसके आसपास डॉग स्कावयड को लेकर छानबीन की7 वन विभाग को जानकारी मिली है कि इस शिकार में पारधी गिरोह होने की संभावना है7 वन मंडलाधिकारी ऋषि मिश्रा ने बताया कि तेंदुए का पोस्टमार्टम वन्य जीव विशेषक चिकित्सको देवेंद्र पघोड़े और डॉ. अमोल रोकडे के द्वारा किया गया7 प्रारंभिक पंचनामा के दौरान वन्य जीव तेंदुए के पिछले पैर के दो पंजे कटे हुए मिले7 शेष अंग सुरक्षित पाए गए। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तेंदुआ का शव दाह (भस्मीकरण) की कार्रवाई वन संरक्षक मध्यवन वृत्त जबलपुर कमल अरोड़ा, वन मंडला अधिकारी सामान्य वन मंडल ऋषि मिश्रा, उप वनमंडलाअधिकारी प्रदीप श्रीवास्तव और अपूर्व प्रखर शर्मा परिक्षेत्र अधिकारी तथा मनीष कुलश्रेष्ठ वन्य प्राणी विशेषज्ञ की उपस्थिति में की गई7 सभी प्रक्रिया की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की गई7 वन अपराध दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रहीहै7 इधर सूत्रों का कहना है कि मंडला बार्डर के पास और छत्तीसगढ़ बार्डर के पास पारधी गिरोह ने अपने ठिकाने बनाए है जो वन्य प्राणी के मूवमेंट मिलते ही शिकार करके फरार हो जाते हैं7 पारधी गिरोह की तलाश में वन्य विभाग की टीमें लगी हुई हैं पुलिस की भी मदद ली जा रही है साथ ही वन विभाग की टीम लगातार मूवमेंट कर रही है।

# भागने से पहले चौकीदार का मोबाइल भी छुड़ाया

जबलपुर, 4 फरवरी (निस) रांझी थाना अतंर्गत गोकलपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से सोमवार की देर रात 1.30 बजे चौकीदार के सिर पर ताले से हमला कर 8 नाबालिग फरार हो गए7 बताया गया है कि इन नाबालिगों ने पहले चौकीदार से चाबी छीनने की कोशिश की फिर उसके सिर पर लोहे का ताला मारकर घायल कर दिया7 इसके बाद सभी छत से कूदकर फरार हो गए। फरार नाबालिगों ने शोभापुर क्षेत्र से एक बाइक भी चोरी की है। नाबालिगों ने भागते हुए चौकीदार का मोबाइल फोन भी छीन लिया था ताकि वह फोन न कर सके7 घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी रांझी पुलिस को मिले हैं। पुलिस ने फरार नाबालिगों की तलाश शुरु कर दी है7 बताया गया है कि एक नाबालिग को भगाने में उसके पिता ने भी मदद की7 जो पहले से वहां कार लेकर खड़े थे7 ऐसा माना जा रहा है कि नाबालिग इसी कार में बैठकर फरार हुए7 घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे गए थे7 रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोकलपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह के चौकीदार राजेन्द्र कुमार पटेल ने पूछताछ में बताया कि रात 8 बजे के लगभग सभी बच्चों ने भोजन किया. इसके बाद सभी अपने अपने कमरे में सोने के लिए चले गए. देर रात राजेन्द्र कुमार गेट पर बैठा ड्यूटी कर रहा था, इस दौरान 8 नाबालिग पहुंचे और गेट की चाबी मांगी. चौकीदार ने चाबी देने से मना करते हुए सभी को कमरे में जाने के लिए कहा, जिसपर वे भड़क गए और लोहे के ताले से सिर पर हमला कर चाबी छीनने की कोशिश की. चाबी न मिलने पर सभी 8 बालक छत से कूदकर भाग गए. फरार होने वाले नाबालिगों ने पहले एक चौकीदार को कमरे में बंद कर दिया। वहीं दूसरे चौकीदार से मारपीट कर दी। बाल संप्रेषण गृह से फरार सभी नाबालिगों में से 7 जबलपुर और एक मंडला निवासी हैं।

रांझी थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिगों ने भागते हुए चौकीदार का मोबाइल फोन भी छीन लिया था, ताकि वह किसी को फोन न कर सके. पुलिस का कहना है कि बाल संप्रेक्षण गृह से फरार सभी नाबालिग 17 से साढ़े 17 साल के हैं.

# शेयर मार्केट मे निवेश के नाम ठगी करने वाले गिरोह के मददगार गुजरात से गिरफ्तार

भोपाल 4 फरवरी (निस) सायबर क्राईम ब्रांच भोपाल की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए वडनगर गुजरात से दो ऐसे आरोपियो को गिरफ्तार किया है, जो शेयर मार्केट मे इंवेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को फर्जी खाते उपलब्ध कराते थे। एडीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती 31 जनवरी 2025 को राजधान में रहने वाले फरियादी द्वारा लिखित शिकायत करते हुए बताया गया था की शेयर मार्केट मे एमआरएफ कंपनी के शेयर खरीदने और अधिक मुनाफा देने के नाम पर अज्ञात आरोपियो ने उसके साथ 13 लाख 44 हजार से अधिक की ठगी की है। तकनीकी एनालिसिस के दौरान टीम ने वाट्सएप नंबर एवं कॉलिंग मोबाईल नंबर, बैंक एकांउट सहित अन्य बिदुंओ की छानबीन की। जॉच के दौरान हाथ लगे सुरागो के आधार पर जालसाज गिरोह के मास्टर मांइड को कमीशन पर बैंक खाता देने वाले दो खाता धारको ठकोर संजय पिता ठकोर बसंत जी(26) निवासी और ठकोर अजय पिता ठकोर कमलेश जी (19) दोनो निवासी जिला महेसना गुजरात को गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपियो ने अपने एकांउट गिरोह के सरगना को 15 प्रतिशत कमीशन पर दिये हुए थे, और ठगी की रकम एकाउंट में आने पर अपना कमीशन निकालकर बाकी नगदी सरगना तक भेज देते। पुलिस ने आरोपियो के पास से 4 मोबाइ, 4 सिम सहित अन्य दस्तावेज जप्त किये है।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
DD Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h Digital DTH Service CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dishtv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
in USA sling TELEVISION
dish CH. NO. 748-008
amazon fireTV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba Ent
SMART STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI FREE TV
EKOM FLIX
CHARDIKLA MEDIA NETWORK
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com

अमृतपाल सिंह प्रिंटर, पब्लिशर व संपादक ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए आईजी प्रिंटर्स प्रा.लिमि., 104, डीएसआईडीसी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-20 के मालिक/कीपर जगपाल सिंह से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा 24/34 तिलक नगर नई दिल्ली से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.57282/1994